Status of Implementation of Recommendations contained in the One Hundred and Forty-fifth report on Demands for Grants (2008-09) of Department-related Parliamentary Standing Committee on Transport, Tourism and Culture

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SULTAN AHMED): Sir, I make a statement regarding status of implementation of recommendations contained in the One Hundred and Forty-fifth Report on Demands for Grants (2008-09) of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Transport, Tourism and Culture.

GOVERNMENT RESOLUTION

Nomination of six members from Rajya Sabha to Parliamentary Committee to review the Rate of Dividend

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI E. AHAMMED): Sir, I move:

That this House concurs in the Recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do agree to the nomination by the Chairman of six Members from the Rajya Sabha to the Parliamentary Committee to review the Rate of Dividend which is at present payable by the Indian Railways to the General Revenues as well as other ancillary matters in connection with Railway Finance vis-a-vis General Finance and to make recommendations thereon.

Sir, the relationship between the General Revenue and the Railway Finance has been regulated on the basis of the recommendations of the successive Railway Convention Committees ever since the Railway Finance was separated from the General Revenue in 1924. The last Railway Convention Committee 2002 ceased to exist consequent upon the dissolution of the Fourteenth Lok Sabha. It is, therefore, considered necessary to set up the Railway Convention Committee in the Fifteenth Lok Sabha for making recommendations in regard to payment of Dividend by the Railway Undertaking to the General Revenue and other ancillary matters. With this object, Sir, I commend the Resolution for the consideration of the House.

GOVERNMENT BILLS

The Appropreations (Railways) No.4 Bill, 2009

THE MINISTER OF RAILWAYS (KUMARI MAMATA BANERJEE) : Sir, I beg to move:

That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Conso idated Fund of India for the services of the financial year 2009-10 for the purposes of Railways, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The questions were proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take both the Resolution and the Appropriation Bill together and discuss. Dr. Gyan Prakash Pilania to start the discussion.

DR. GYAN PRAKASH PILANIA (Rajasthan): I did not know, Sir, that I shall have the Honour of starting the discussion. But, it is very kind of you to have called me. I have no heart to censor any proposal put up by ममतामयी ममता दीदी because she is an icon of transparent integrity and unbending rectitude and her heart is for the poor and the oppressed. But, with your permission, Sir, I would seek indulgence to point out certain dark areas and grey zones to which would like to call her kind attention. She has been very generous in mentioning that her first concern will be Mother Earth and common man. I will also pead that for common man, instead of इज्जत, a very special, ordinary treatment, if that is given, that should be good enough. The plight of the common man is that he stands in a very long queue. With very great difficulty, he gets into an unreserved compartment, where they are huddled together like cattle. At times, he has to travel on the roof of the carriage. He is very lucky, if he reaches his destination safely and comfortably. He is fleeced by everyone, the uniformed GRP man, RPF man, ticket checker and so on. He is illiterate; he is ignorant. He even does not know how much he should pay for his ticket because he cannot read what is printed on it. He need not be glorified with adjectives of अ×ल×अ, but, if he is taken simple care of, I think that should be enough, and for that, I will suggest for kind consideration of the hon. Railway Minister that there should be more passenger trains; there should be more un-reserved compartments so that at least money common man can get into and can take up journey in train which has the honour of daily-moving 18 million passengers. This is one point; very special care for common man. Another point is, Sir, as is known, our Railway Minister is a symbol of integrity and honesty. When she is at the head of the organization, corruption should be rooted out from the Railways. But, Railway is, unfortunately, a cesspool of corruption. I would like to quote what Acharya J.B. Kripalani had said. In 1952, a Committee of Parliament was formed under the Chairmanship of Acharya J.B. Kripalani to look into corruption in the Railways. The Committee said, "If corruption is eliminated from the Railways, trains would ply on tracks of gold instead of iron."

Sir, that is truer today than it was in 1952. Since then, even the Ganges has been polluted. These aspects need care at every point of mass contact of railways with people. Booking and reservation offices, parcel and goods offices, engineering and construction offices, purchase and sale of scrap, taking persons without ticket which is known as *murgaabaazi;* these are different points and areas of corruption in the railways which need very particular care. These are known areas where corruption breeds in railways and vigilance is only an eye-wash. Out of 14 lakh employees of

railways, how many have been so far caught by vigilance, how many have been prosecuted and how many have been jailed? There may be a few hundred. That also may not be there!

Another point which I would like to put across is scandals in conducting Railway Recruitment Board examinations. Very rightly, the hon. Railway Minister has scrapped the existing chairmen of all Railway Recruitment Boards. Because, in Railway Recruitment Boards, corruption was the first qualification for a person to be recruited in the railways. Very recently, in Jaipur, there were CBI raids and crores of rupees were found with the 'officers of Railway Recruitment Board. Even the North-West Railways chief was arrested for disproportionate assets.

The next area which I would like to point out is regarding *surakshaa* or safety. How unsafe a person is who dares to travel in railways! He has to - face drug mafia; he has to face *zehar khuraani*; he has to face gangs of pick pockets, jeb taraashi; he has to face gangs of arms-running mafia, heroin-smuggling mafia. The surakshaa is, I think, very much in jeopardy and it needs attention. I am running from one point to another because the time is less. *Surakshaa* is safety; *surakshaa* means safety of railway tracks. Accidents happen because of human failure. According to statistics, 84.49 per cent is because of human failure, 40 per cent due to failure of railway staff, 40 per cent is because of unmanned railway crossings, 51.55 per cent is because of derailment. I have the latest reply in this context. The reply was on 4th December, to a question in Rajya Sabha. The number of accidents during 2008-09 is 177. Out of them, 62 were because of unmanned level-crossing accidents. I would like to submit to the hon. Railway Minister that unmanned-level crossings are death traps for people. Out of 209 killed, I am talking of accidents during 2008-09, 129 were because of unmanned-level crossings. The injured were 143, So, more than 50 per cent deaths are at unmanned-level crossings. Nearly 40 per cent accidents are at unmanned-level crossings. I would pray and submit that efforts should be made at the earliest to see to it that no level crossing remains unmanned.

After accidents, Sir, I would speak about seven points which need consideration. These are the touch stones on which efficiency of railways has to be measured. These are service, security, safety, punctuality, cleanliness, amenities, and courtesy. Courtesy does not cost anything but it means very much for the common man. As far as punctuality is concerned, less said the better. Generally it is said that one day a train had come at right time at 12.00 noon. People were surprised. When it was investigated it was found that it was 24 hours late. It may be euphemism, it may be an exaggeration, but it is very true that punctuality is not there. Something has to be done for this. As far as cleanliness is concerned, I think, the senior most officer, the Chairman of the Railway Board, if he visits the latrines of passenger trains, he will find out how dirty they are, how stinking they are and how bad they are. General cleanliness needs very much improvement. As far as food is concerned, it has to be at an affordable price and it has to be of right quality.

(THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair)

I am aware that efforts are being made to improve it but still much has to be done. I think, I will close it because other Members have to speak, Sir. I will close my speech by quoting only what Mahatma Gandhi, the Father of the Nation, had said. Let it be kept in view by every worker, let it be kept in view by each and every employee of the Railways. Mahatma Gandhi said, "I give you a talisman." He spoke of the poorest of the poor; he spoke of *daridra narayan*. Mr. Vice-Chairman, Sir, he said, "I give you talisman. Whenever you are in doubt, or when the self becomes too much with you, appy the following test. Recall the face of the poorest and the weakest man whom you may have seen and ask yourself, if the step you contemplate is going to be of any use to him. Will he or she gain anything by it? Will it restore him to a control over his own life and destiny? In other words, will it lead to *swaraj* for the hungry and spiritually starving millions?" I know the hon. Railway Minister is very keen to look after the poorest of the poor, to look after daridra narayan and she will percolate this message to each and every railwayman in the country. Thank you very much, Sir.

डा. राम प्रकाश (हरियाणा) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मै आपको हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करने का मौका दिया है। मैं सबसे पहले माननीय मंत्री महोदया का आभार प्रदर्शित करना चाहूंगा कि वे पूरी रुचि लेकर रेलवे सर्विसेज़ को improve करने का प्रयास कर रही हैं। पिछले सैक्शन में उन्होंने आदर्श स्टेशनों की बात की थी। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उसकी रूपरेखा, कोई मॉडल तैयार हो चुका है, जो रेलवे स्टेशन इस काम के लिए चिह्नित किए गए हैं, क्या उन सब पर इकट्ठा काम शुरू होगा या अलग-अलग phases मे शुरू किया जाएगा, यदि phases में शुरू किया जाएगा, तो किन पर काम शुरू हो चुका है और बाकी पर कब तक काम शुरू हो सकेगा तथा मार्च के अंत तक इस विषय मे क्या पग उठा लिए जाएंगे? मैं यह बात इस चिंता के साथ कह रहा हूं कि बंगाल विधान सभा के चुनाव से पहले ऐसे सारे स्टेशनों पर काम शुरू हो जाना चाहिए, ताकि यह वायदा केवल वायदा न रहे और अगर phases में काम करना है, तो size की दृष्टि से जो राज्य छोटे हैं, जैसे हरियाणा है, उनको इसमें अवहेलना का शिकार न होना पड़े।

कुरुक्षेत्र एक महत्वपूर्ण शहर है और यह एक ऐतिहासिक स्थान है। वहां जो आदर्श स्टेशन बनाने की बात है, उस पर कार्य शीघ्र शुरू होना चाहिए। चूंकि हरियाणा अन्न उत्पादन में और सेना भर्ती में अपनी आबादी से ज्यादा योगदान देता है, इसलिए उसको रेलवे सर्विस के अंदर भी सुविधा मिलनी चाहिए। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि रेलवे ट्रैक के साथ-साथ खास तौर से स्टेशन के आसपास की भूमि पर गंदगी की इतनी ढेर है कि यात्री खिड़की से बाहर देख नहीं सकता है। बाहर के यात्री भी हिन्दुस्तान आते हैं और रेल से यात्रा करते हैं। उन्हें एक बहुत गंदा दृश्य देखने को मिलता है। इस सफाई के काम को वार फुटिंग पर किया जाना चाहिए। किन्हीं कंपनियों को दिया जा सकता है। NGOs को सौंपा जा सकता है। थोड़ी-थोड़ी जगह उनको एलॉट की जा सकती है। हम पर्यावरण शुद्धि की रोज बात करते हैं, पर जितना बुरा दृश्य हम बाहर के यात्रियों को पेश कर रहे हैं, आज तक उस पर ध्यान नहीं दिया गया है। मुझे उम्मीद है कि आदरणीय ममता जी इस बात की ओर ध्यान देकर इस सफाई के बारे में अवश्यमेव हंगामी कदम उठायेंगे।

महोदय, मैं तीसरी बात यह कहना चाहता हूं कि यहां accidents की बात हुई है। बहुत से रेलवे ब्रिज बहुत पुराने हैं। वे आजादी के पहले के हैं। हो सकता है कि उन सबकी drawings भी विभाग के पास न हों। उनकी रखरखाव और उनकी देखभाल का जो काम है, उस पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। जो अनमैन्ड क्रासिंग्स हैं, मेरे आदरणीय सहायेगी साथी ने उनकी बात की है, उनके बारे में यदि महकमा उचित समझे, तो जो आसपास के गांव हैं, उनकी पंचायतों का सहयोग लिया जा सकता है, क्योंकि ऐसी दुर्घटनाएं ज्यादातर दिन के समय होती है। गांव के किसी आदमी को adhoc basis पर भी लगाया जा सकता है, जो सुबह से शाम तक उस बात की ध्यान दे। इसके साथ-साथ यह जरूरी है कि आज जब यातायात के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तो रेलवे क्रासिंग्स पर जहां ओवर ब्रिज बनने चाहिए, उन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। मैं कुरुक्षेत्र की एक ओवर ब्रिज की बात करना चाहूंगा। वहां सुंदरपुर एक गांव है, अगर उसके ऊपर रेलवे ओवर ब्रिज बन जाए, तो वहां जो ब्रह्मसरोवर एक स्थान है, जहां देश-विदेश से लोग स्नान करने के लिए आते हैं, इससे उनको सुविधा होगी। जो बच्चे युनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए जाते हैं, उनको सुविधा होगी। इसके साथ ही वहां पर जो अनाज मंडी है, उसमें किसान अपना सामान बेचने जाते हैं, उनको भी सुविधा होगी। वहां घंटों लंबी-लंबी लाइनें लगी रहती हैं। यह मैंने एक उदाहरण दिया है। इसका सर्वे करके अगर इनको priority पर करना चाहें, तो मैं यह समझता हूं कि यह बहुत अच्छा रहेगा।

महोदय, मैं एक-दो बात और निवेदन करना चाहता हूं। रेलवे की बहुत-सी जमीन और संपदा है। कई जगह उन पर नाजायज कब्जा हो रहा है। उनका कोई हिसाब-किताब होना चाहिए। उनकी देखभाल होनी चाहिए। उस जमीन को उपयोगी काम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। वहां आसपास के गांव के जो भूमिहीन लोग हैं, वे वहां कोई उपजाऊ काम कर सकते हैं, जैसे सब्जी लगा सकते हैं, वृक्ष लगा सकते हैं तथा दस और काम कर सकते हैं, लेकिन उसे नाजायज कब्जे से बचाने का काम करना चाहिए। स्क्रैप तो इतना पड़ा है कि अगर उसको संभाला जाए, तो यह भी एक आमदनी का स्रोत हो जाएगा।

महोदय, मैं अंतिम बात यह निवेदन करना चाहता हूं कि हर बजट सेशन के दौरान जब रेलवे बजट पर डिसकस होता है, तो माननीय सदस्य बहुत से प्रपोजल्स रखते हैं। मेरे विचार से भारी संख्या में ऐसे प्रपोजल्स पड़े हैं, जिन पर कोई काम नहीं हो पाया है। अगर उनके बारे में कोई कमेटी बनाकर या जिस प्रदेश की जो प्रपोजल्स हैं, जो योजनाएं हैं, उनमें वहां के MPs और मुख्यमंत्री के साथ सलाह करके, उसका कोई priority बना दिया जाए, तो मैं यह समझता हूं कि इस समस्या का समाधान किया जा सकेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री नन्द किशोर यादव (उत्तर प्रदेश) : सर, रेल को भारत की जीवन-रेखा कहा जाता है और भारतीय रेल वर्तमान समय में यात्रा करने का सबसे अच्छा और सस्ता साधन है। माल और परिवहन का भी यह प्रमुख साधन है। पिछले बजट में माननीय रेल मंत्री महोदया ने जो बजट पेश किया था, उसमें उन्होंने अनेक घोषणाएं की थी। देश को और हम लोगों को पूरी उम्मीद है कि जिस निष्ठा और ईमानदारी के साथ मंत्री महोदया काम कर रही हैं, भारतीय रेल, जो विश्व में तीसरे नंबर की रेल व्यवस्था है, जिसका बहुत बड़ा नेटवर्क है और हम चाहते है भारतीय रेल दुनिया में प्रथम आए, तो मुझे पूरा विश्वास है कि आदरणीय मंत्री महोदया के मंत्रित्वकाल में रेलवे अच्छा काम कर सकेगी और विश्व में जो रेल व्यवस्था है, उसमें वह पहले स्थान पर आएगी।

सर, माननीय मंत्री महोदया ने 3 जुलाई, 2009 को जब पिछला रेल बजट प्रस्तुत किया था, तो उसमें अनेक गाड़ियां चलाने की उन्होंने घोषणा की थी। उन्होंने 50 स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की बात कही थी, 375 आदर्श स्टेशन बनाने के बारे में उन्होंने कहा था और पूरे देश के अंदर जो 140 संवेदनशील स्टेशन हैं, उनको एकीकृत सुरक्षा प्रणाली में लाने की बात कही थी। 12 ट्रेनें वे ऐसी चलाने जा रही हैं, जो बिना रुके अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचेगी, लेकिन मैं माननीय मंत्री महोदया से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश एक विशाल राज्य है और देश का सबसे बड़ा राज्य है। पिछले लंबे अरसे से उत्तर प्रदेश की उपेक्षा हो रही है। उत्तर प्रदेश में प्रमुख नेताओं के निर्वाचन क्षेत्र भी हैं और जनसंख्या के हिसाब से, भूभाग के हिसाब से वह बड़ा है। इसलिए मेरा मंत्री महोदया से निवेदन है कि आने वाली फरवरी में वे जो बजट पेश करेंगी, उसमें उत्तर प्रदेश पर विशेष ध्यान देंगी। वैसे हमारे कुछ स्टेशनों जैसे वाराणसी, लखनऊ को उन्होंने आदर्श स्टेशन में रखा है।

सर, रेलवे जहां high-tech हो रही है, वहीं दूसरी तरफ देश में कुछ ऐसे स्टेशन हैं, जहां बहुत पुरानी PCT प्रणाली काम कर रही है। वहां पर यात्रियों को पहले से छपे-छपाए टिकट मिलते हैं और उसमें जो छपा रहता है, उससे ज्यादा भुगतान यात्रियों को करना पड़ता है। जब यात्री उसके बारे में बुकिंग क्लर्क से पूछते हैं, तो उनका यह जवाब रहता है कि यह पहले का छपा हुआ है, जो हम बता रहे हैं, उतना आप इसमें भुगतान कीजिए, तो इसमें कहीं न कहीं यात्रियों का नुकसान होता है। इस प्रणाली को भी समाप्त करने का काम आप कीजिए। चूंकि यह लंबा काम है, इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदया से चाहूंगा कि आने वाले समय में इसको ठीक करने का प्रयत्न करें।

सर, माननीय मंत्री महोदया ने कोल्ड स्टोरेज के संबंध में भी एक घोषणा की थी कि हम सब्जियों के लिए, विशेषकर हरी सब्जियों के लिए और मछलियों के लिए वातानुकूलित ट्रेनें चलाएंगे, जिसमें कंटेनर लगे रहेंगे और जहां उनका उत्पादन होगा, वहां से वे गंतव्य स्थल तक पहुंचाए जाएंगे। बहुत अच्छी बात है, इससे निश्चित रूप से जो हरी सब्जियां हैं या जो मांस हैं, मछली है, जो बहुत जल्दी खराब हो जाने वाली वस्तुएं हैं, उनको हम बचा सकेंगे और लोगों को लाभ होगा, विशेषकर किसानों और कमजोर तबकों को लाभ होगा। लेकिन इसके पूर्व जो तत्कालीन रेल मंत्री जी थे, ठीक इसी तरह की घोषणा करने का काम उन्होंने भी किया था। वह जो परियोजना थी, उन्होंने कहा था कि हम एसी कंटेनर्स चलाने का काम करेंगे, वह परियोजना इस तरह से फ्लॉप हो गयी। महोदय, रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है - यात्री सेवा। इसमें यात्रियों की सुविधा, ट्रेनों की साफ-सफाई, खान-पान की गुणवत्ता, सुरक्षा और संरक्षा और समय पर ट्रेने चलें - इन सबका ध्यान रखना जरूरी है। जहां तक खान-पान का सवाल है, पिछले बजट भाषण में माननीय मंत्री जी ने इसको सही करने का काम किया था। मेरा अनुरोध है कि रेलवे में जो खान-पान की व्यवस्था है, उस तरफ विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त ट्रेन में डॉक्टर के संबंध में आपने घोषणा की थी। जो लम्बी दूरी की ट्रेनें हैं, उनमें डाक्टरों की बहुत आवश्यकता है क्योंकि तीन-तीन दिन, साढ़े तीन-तीन दिन, चार-चार दिन की लम्बी यात्रा के लिए ट्रेन में एक डाक्टर होना चाहिए। आप इस व्यवस्था को अविलम्ब चालू करने का काम करें।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): कृपया समाप्त कीजिए।

श्री नन्द किशोर यादव : महोदय, मैं अपनी बात को सीमित कर रहा हूं। हमारी कुछ मांगे, जो हमारे जनपद से संबंधित हैं, माननीय मंत्री महोदया से निवेदन है कि उस तरफ ध्यान देने का काम करें। आज़मगढ़ से दिल्ली बहुत प्रयास के बाद एक ट्रेन चली थी, उसे "कैफियात" के नाम से जाना जाता है। उसकी स्थिति यह है...।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): अब समाप्त कीजिए।

श्री नन्द किशोर यादव : सर, मैं एक मिनट में समाप्त कर दूंगा। "कैफियात" के अंदर जो कोच लगाए गए हैं, वे बहुत पुराने हैं। दूसरा, उसका जो कोटा था, हमें पता लगा है कि चाहे एसी-फर्स्ट हो, ऐसी-सेकेंड हो या स्लीपर क्लास हो, वह कोटा लखनऊ को दे दिया है। महोदय, लखनऊ से दिल्ली के लिए ऑलरेडी बहुत सी ट्रेनें चलती हैं। आजमगढ़ से एकमात्र यह ट्रेन चलती है, इसलिए हमारा आजमगढ़ का जो कोटा था, उसे वापस करने का काम करें।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): बस, अब हो गया। There are lot of speaekrs.

श्री नन्द किशोर यादव : इस ट्रेन में इतनी भीड़ होती है कि दिल्ली और कोलकाता के लिए हमें और ट्रेन देने का काम करें। दूसरा, दालीगंज, लखनऊ में एक पुल बन रहा था, वह अधूरा रह गया है। उसको पूरा करने का काम करें। एक निवेदन और है कि सिकोहाबाद जंक्शन से सटा हुआ जो पूर्वी केबिन है, हर मिनट वहां से ट्रेन गुजरती है, लेकिन आजादी के बाद आज तक वहां पर ओवरब्रिज नही बन पाया है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि माननीय मंत्री महोदया इस ओर ध्यान देने का काम करेंगी। एक आखिरी बात कहना चाहता हूं कि छपरा से कानपुर एक ट्रेन चलती है। उसमें एसी-थर्ड है। मेरा अनुरोध है कि उसमें एसी-सेकेंड लगवाने का काम करें, यह बहुत ही मामूली काम है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री श्रीराम पाल (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महोदय, रेलवे में जनसुविधाओं के संबंध में चर्चा हो रही है। बिजली से चलने वाली रेलवे लाइनों और उन ट्रेनों में जो यात्री जाते हैं, उनके लिए अलग सुविधाएं हैं और जो डीजल से चलने वाली रेलें हैं, उन लाइनों पर लोगों की हालत देखने वाला कोई नहीं है। झांसी से कानपुर तक डीजल के इंजन से चलने वाली ट्रेनें चल रही हैं। इस बीच में जितने भी स्टेशन आते हैं, ऐसा लगता है कि बिजली से चालित ट्रेनों की लाइनों पर आने वाले स्टेशनों पर तो अधिकारी लोग चेकिंग करते हैं और यात्रियों की सुविधाओं, वहां की साफ-सफाई, उनके लिए भोजन आदि कैसा है, इस पर तो गौर किया जाता है लेकिन डीजल से चलने वाली ट्रेनें जिन लाइनों पर चलती है, उस रूट पर जो स्टेशंस हैं, वहां पर इस तरह की कोई व्यवस्था नही है। महोदय, झांसी-कानपुर के बीस में उरई, कालपी, पुखराया, भीमसेन आदि तमाम रेलवे स्टेशन पड़ते हैं, वहां पर कोई अधिकारी नहीं देखता है। इस लाइन की इतनी बुरी हालत है कि जैसे ही झांसी से कानपुर की ओर ट्रेनें आती हैं, पुखराया रेलवे स्टेशन से ही वे दूध की ट्रेनें हो जाती हैं, दूध के डिब्बे खिड़कियों में टंगे होते हैं, साइकिलें टंगी होती हैं और एक-एक खेत के पास चेन पुलिंग करके ये गाड़ियां रोकी जाती हैं। लोग भीमसेन जंक्शन तक साइकिलें और दूध के डिब्बे खिड़कियों पर टांग कर ले जाते हैं। तो जो दूर की लम्बी यात्रा करने वाले यात्री हैं वे परेशान रहते हैं। जी.आर.पी. का जो स्टाफ रेलवे स्टेशनों पर होता है, ऐसे ही इन्हीं लोगों से मिला रहता है जो चैन पुलिंग कर रहे हैं, इस कारण लोग इस लाइन पर आने तथा यात्रा करने से कतराते है तथा लोग लम्बा चक्कर लगाकर के झांसी के लिए कानपुर से आते हैं। महोदय, हमारा आपसे यह निवेदन है कि डीजल चालित इंजन जिस लाइन पर चल रहे हैं, वहां पर भी वही ध्यान दिया जाए जहां विद्युत चालित रेलवे लाइन हैं। मान्यवर, मेरा दूसरा निवेदन है कि झांसी-कानपुर लाइन पर

केवल एक जंक्शन है, ऐट से कोंच की दूरी मात्र 14 किलोमीटर है, 14 किलोमीटर पर एक ट्रेन चलती है, जिसमें एक डिब्बा और एक इंजन होता है। मान्यवर, इसको हमारे पिताजी भी देख रहे हैं और अब मैं भी देख रहा हूं कि एक ही डिब्बा चल रहा है और वही डिब्बा दिन में दो बार आता-जाता है। मान्यवर, जब ऐट से कोंच तक आपकी रेलवे लाइन है, अगर इसको दिल्ली-इटावा वाली लाइन पर फफूंद जंक्शन से जोड़ दिया तो जो बुंदेल खण्ड का भूभाग जनपद जालौन, झांसी का बहुत सारा हिस्सा है, जहां पर औद्योगिक क्षेत्र नहीं है, जहां पर जनसुविधएं नहीं हैं, तो ऐट से कोंच की लाइन को फफूंद तक बढ़ा देने से लाखों-लाख लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। हमारा आपको यह भी सुझाव है कि झांसी-कानपुर के बीच में जो फाटक विहीन क्रोसिंग है, वहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, ट्रेन से ट्रेक्टर्स कट गए हैं, वहां पर फाटक लगाए जाएं, लोगों की ड्यूटी लगाई जाए। इसके अलावा इस लाइन पर जो ट्रेनों को लोग सवारी गाड़ी को एक बैलगाड़ी के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं दूध के डिब्बे और साइकिलें लाद करके, उसका सतत निरीक्षण किया जाए और इस लाइन पर पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों पर भी साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की जाए। धन्यवाद।

SHRI TARINI KANTA ROY (West Bengal): Sir, while expressing my views on the Railways Appropriation (No. 4) Bill, 2009, I would like to make some points which deserve the special attention of the Railway Ministry.

Sir, I find that the progress in the Railways in the first two years of the Eleventh Plan is really unsatisfactory, in the year 2008-09, you said that the target for laying new lines was 543 km including spill-over sections. But, only 357 km were completed out of which 242 km were from the spill-over section. So, new lines that were actually completed in 2008-09 were only 115 km. Sir, in the case of doubling, in the year 2008-09, the target was 1000 km; ony 363 km were achieved which is less than that done in the years 2006-07 and 2007-08. Sir, my point is, why set these unrealistic targets which cannot be achieved. Talking of doubling, I would like to take this opportunity to bring to your notice that the New Jalpaiguri-New Bongaigaon via New Cooch Behar main line, an important line connecting the North eastern States, has not yet been taken up for doubling. I don't understand the reason behind this. In the year 2008-09, in the case of progress regarding the bridges, out of 1656 bridges identified for rehabilitation, rebuilding and strengthening, there is a shortfall of 268 bridges. Sir, it is worrisome to note that 28 per cent of the railway bridges are more than 100 years old.

Sir, in the months of October and November alone, a number of accidents have taken place, killing 11 gangmen and many others. Another matter of concern is that close to 90,000 posts of personnel of Railway Safety are lying vacant, while the Railways took no time in creating posts in administrative grades and appointed Chairman and members of Cultural Heritage Committee for the Railways. Talking about passenger safety, one has to recall October incident in which Maoists and miscreants hijacked Bhubaneswar-Rajdhani for a few hours near Jharkhand. Everyone knows who have done this, but I am sorry to say that the hon, Railway Minister could not see those faces behind

the entire episode. Sir, I point out to promise that was not kept. As announced in the Budget in the month of July, the frequency of 2423-2424 Guwahati-Rajdhani was to be increased from five days to six days, which is not done till now. Sir, New Cooch Behar-Sealdah Uttar Banga Express should also run daily, I welcome the announcement of Railway Minister on 29th October during the flag off ceremony for New Cooch Behar Guwahati inter-city Express. But, at the same time, I demand the immediate implementation of the promise. I also hope that the Railway Minister's assurance on new line, New Maynaguri-Jogighopa, should be fulfilled on time. Sir, some assurances have been fulfilled; some new trains including Duronto express have been introduced. But most of these trains have old coaches with fresh paints. So, I demand the new coaches for these trains. I would also like to know about Nandigram railway and Lalgarh Railway Station. I don't know about them. These should be taken seriously. These two were also announced in the Budget Speech. I welcome the decision of the Railway Ministry's proposal for coach factory in Singur. But we don't know the details yet except that the West Bengal Government has already agreed to the proposal. Sir, I want to bring to your notice the Kolkata Metro Railways' strange behaviour regarding bid of modernisation of Gates, WEBEL the Electronic Company Limited was the lowest bidder. It was technically the best, but the Ministry returned their earnest money deposit without offering any explanation which is not expected.

Finally, I would like to say that we are the people of India and we believe that Railways is our own property and our national property. I hope the hon. Railway Minister would keep it in mind and ensure that the national public property would remain as national property and would never encourage privatisation even in the name of PPP in any sector of the Railways. Thank you.

DR. K. MALAISAMY (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am very much enamoured by the gigantic size of the Railways in terms of its operation and its size. My second charm is the hon. Minister followed by the Minister of State. They have been very nice, positive and helpful besides their dynamism and vision. Sir, they have presented the Budget a few months back without increasing the fare and freight. So, fare and freight were not increased. They were people-friendly, pro-poor and with an emphasis to encourage the amenities, safety, security, hygiene, etc. Seeing the Budget per se, it was looking very attractive. After having seen its working for six months, I have got a few more questions to ask. Sir, I would like to know from the hon. Minister whether the purpose for which the Budget was presented has been served. That is my first point. You wanted to go in a larger perspective to do something concrete. Whether that will is still continuing and whether the skill is there to execute it. Thirdly, when you present a Budget, you have to constantly review and assess the strength and weaknesss of it.

Ultimately, you must come out successful. So, with this background, I would like to ask some specific clarifications. When the Government presented the Budget, the Finance Minister had increased 10 per cent Service Tax on freight, with the result it increased the prices of commodities. But, luckily, with a view to avoid inflation, it was rolled back. Then, again, it was re-imposed. Now, they have to bear the burden of service tax. In such a situation, with this additional impediment, which is coming in your way, how are you going to go ahead when you are already facing dearth of money?

As many colleagues have pointed out, as many as 145 projects have been delayed in execution. Cost overrun amounts to somewhere Rs. 40,000 crores. Sir, certain projects are delayed for want of land acquisition, for want of delayed process in loan, etc. Ultimately, results are not coming. So, in such a situation, the Deputy Chairman of the Panning Commission has suggested you to go for a tariff reform, that is, to increase your fare and freight. You have already made up your mind, in the larger interest of passengers, not to increase the fare and freight. In such a situation, when the Planning Commission is suggesting, can you afford to go ahead with increase in freight? What is your stand on that?

My next point is that in the Western Corridor, project connecting Delhi to Mumbai. It is said that it is almost coming through because you have almost clicked the deal with Japan. I mean, on attractive terms, and you are going to get about Rs. 17,700 crores by way of loan from Japan. But, I am told that there is some hitch at the latest point of time that they could not come through. Ultimately, what are they going to do? Will you click the deal once for all, or will you go in for some alternative? We would like this clarification from the Government. You have said in your Budget that early recovery is possible. I would like to ask that after six months of experience, whether there was any recovery at all. Sir, some of my colleagues have also pointed out that 50 stations are going to be face-lifted as world-class stations. Then, 309 stations are to be developed as 'Adarsh Stations'. Fifty multi-functional complexes are proposed. I would like to know whether any progress has been made on this commitment or it is still on paper only.

Then, we are very happy to know that among all the Railway Zones, the Northern Railways is getting maximum return in terms of freight income and passenger fare income. And, they are growing very well. Among all the Railway Zones, this Zone is said to be doing much better. I would like to know whether there is any proposal to replicate the success story of Northern Railways to other Railway Zones also. ...**(Time-bell rings)**...

Then, I come to my last point. Sir, the Minister of State, Ahammedji, and the Union Minister, Mamataji, know very well that Tamil Nadu was neglected, as far as the Railways are concerned.

Though Tamil Nadu is considered to be very much advanced in several aspects, in Railways, it was very much neglected for quite some time. Luckily, during its last term, the UPA Government did some work. But, this work is half done. It is left as it is.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Malaisamy, your flight is at 2.30. Please remember.

DR. K. MALAISAMY: Sir, I will complete in one minute. Sir, in terms of broad gauge conversion, in terms of doubling, in terms of MRT, in terms of railway over-bridge and under-bridge, outlays of several crores of rupees has been announced. I would like to know whether allocation has been made or not.

Then, regarding doubling, I would like to say that doubling is going slow on some lines, namely, Chengelput-Villipuram, Viilipuram-Dindigul, Madurai-Tuticorin, Madurai-Kanyakumari. When will it be done? I want a time-frame, as far as broad gauge conversion is concerned, I would like to know about Virudu Nagar to Thenkasi - I should speak about the place from where I come from Kanyakumari-Manava and Madurai-Melur. These are areas which need attention.

Sir, this is for the broad gauge conversion. Sir, we have also asked for new lines.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Keep something for the next Budget. ...*(Interruptions)*...

DR. K. MALAISAMY: Okay, Sir. You have done a lot with regard to the freight corridors. I mean, you have performed to connect Delhi to Mumbai. You have train to connect Delhi to Kolkata. What about South; what about train to connect Delhi to Chennai. Should we not have it, Sir? Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. PJ. KURIEN) in the Chair.

DR. JANARDHAN WAGHMARE (Maharashtra): Thank you, Sir, for giving me an opportunity to speak on the Resolution and Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 2009. While supporting it, I would like to make certain observations. Sir, hon. Railway Minister, Mamataji, has raised expectations of common people and also backward regions in the country. There are backward regions in the country where there are very few railway lines, I would like to submit that the principle

of equity should be followed in the development of railways also in different parts of the country. There are regions which are really backward and Railways play a great role, vital role, in the development of such regions and also national integration. For instance, regions like Telangana in Andhra Pradesh and Marathwada in Maharashtra are the backward regions. People expect railway lines to be developed in their regions. For example, railway line which has already been approved from Ahmednagar-Beed-Worli. People have fought for it. They demanded it. Their demand has been accepted, but the work is lingering on. I am simply quoting certain instances. Therefore, I would urge upon the Railway Minister to look into the problems of such people. In fact, Railways have played a great role in linking the whole country. Railways are our lifelines and, therefore, they are very essential for the integration of the country also. The North Eastern Region should not feel that it is being neglected. Backward regions should not feel that they are neglected. There are certain very peculiar problems. For example, the local railways in Mumbai. Nearly 75 lakhs of people travel by locals everyday and those lines are in a shambles. Accidents do take place and nobody cares for them. So, we have to pay attention. In fact, cleanliness, security, etc., are very crucial problems. We have to address these problems. Regarding services also, people want services in Railways. So, roughly, according to the population in different States, we have to give the chances of employment in Railway services. Mamataji declared that local people will be considered for services. In fact, that is a very good decision. That is why people expect something more than that.

I would urge upon the Government, especially our hon. Railway Minister Mamataji, to look into these problems and give due priority to the backward regions for the development of the Railways in the coming Budget. These are my suggestions which I would like you to take into consideration. Thank you very much, Sir.

SHRI R.C. SINGH (West Bengal): Sir, I support the Appropriation (Railways) No.4 Bill, 2009, which has been brought before the House by the hon. Railway Minister for getting about Rs.731 crore from the Consolidated Fund of India.

सर, एक बात और है, मैं कहना चाहता हूं कि माननीय रेल मंत्री महोदया बधाई की पात्र हैं। मैं विशेषकर पश्चिमी बंगाल के बारे में कहता हूं कि इन्होंने जो ट्रेनें दी हैं और उससे देश को एक कोने से दूसरे कोने तक जोड़ने की जो कोशिश की है, उसके लिए इन्हें मैं हार्दिक बधाई देता हूं, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जो proposals हैं, उनके आधार पर infrastructure develop करने की जरूरत है। Infrastructure develop करने की जो बात इन्होंने कही थी कि West Bengal में public-private partnership के mode पर ये coach factory लगाएंगी। मैं अनुरोध करूंगा कि वह सिर्फ सरकारी क्षेत्र में होना चाहिए, इस बात की बहुत ही जरूरत है। रेलवे सरकारी क्षेत्र में coach factory लगाने के लिए सक्षम भी है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि "दूरान्तो" जैसी जो ट्रेनें दी गई हैं, उनके लिए separate lines और उनके लिए अलग से व्यवस्था करने की जरूरत है। जो ट्रेनें बढ़ाई गई हैं, उनके लिए इंजन और coaches की

जरूरत है क्योंकि इनका बहुत ज्यादा अभाव है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि इस पर वे विशेष ध्यान दें कि जो हमारी जरूरत है, उसके लिए हम किस तरीके से और produce कर सकते हैं।

सर, तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि रेलवे में contract workers काम कर रहे हैं। ट्रेनें बढ़ रही हैं, passengers बढ़ रहे हैं, लेकिन manpower काफी घट गया है। उनकी तरफ भी ध्यान दिया जाए जिससे उन्हें social security मिल सके और उनकी service पर कोई बट्टा न लगने पाये। यानी, contract workers, जो आज रेलवे में काम कर रहे हैं, रेलवे में सेवा कर रहे हैं, उनकी retrenchment इत्यादि न हो सके और उनको permanent roll पर लाया जाए। मैं इस तरह की व्यवस्था करने के लिए अनुरोध कर रहा हूं और मुझे विश्वास है कि माननीय मंत्री महोदया बहुत सहृदय हैं, वे इस पर जरूर गंभीरता से विचार करेंगी।

चौथी बात, जो मैं कहना चाहता हूं, वह यह है कि जो small vendors हैं, उनको स्टेशनों में बेदखल कर दिया गया है। इसके लिए कोई planning या policy बन रही है, लेकिन तब तक वे बेचारे मर जाएंगे। उन स्टेशनों से ट्रेनों में जो खाना और जरूरत के दूसरे सामान मिलते थे, अब वे बन्द हो गये हैं। इसलिए जब तक policy नहीं आती है, उनको continue किया जाए। उनको continue रखने की दृष्टि से policy आनी चाहिए। इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि इसमें big contractors नहीं आ जाएं जिससे छोटे लोग जो अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं, उनकी रोजी-रोटी पर धक्का न लगे। इसमें multinationals या big businessmen न आने पाएं, इसके लिए वे जरूरत कोशिश करेंगी। वे छोटी-छोटी दुकानें क्या लगाएंगे? अगर वे हजार-हजार करोड़ के मालिक होकर छोटी-छोटी shops लगाएंगे तो वे लोग तो मर जाएंगे। इसके लिए आपके पास बहुत-सी जगह है। इसलिए उन vendors की तरफ अधिक ध्यान दिया जाए। वे कई महीनों से काफी तकलीफ में हैं। माननीय मंत्री महोदया ने कहा था कि जब तक नई scheme नहीं आती, उनको चालू रखा जाएगा और मुझे विश्वास है कि वे इस पर जरूर अमल कराने की कोशिश करेंगी। माननीय मंत्री महोदया की तरफ से आदेश गया है, लेकिन implement नहीं हो रहा है। वे इसको implement कराने की कोशिश करें।

इसके बाद मैं यह कहना चाहूंगा कि रेलवे में जो हजार-हजार vacancies हैं, उनको immediately भरने के लिए माननीय मंत्री महोदय जरूर कोशिश करेंगी, क्योंकि इसकी जरूरत है। इसलिए इस काम को priority के आधार पर करने चाहिए।

सर, मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि local peoples various trains में सफर करते हैं और उनको काफी छूट या राहत भी मिली है, क्या उनके लिए अलग से कुछ कम्पार्टमेंट वगैरह की व्यवस्था हो सकती है या नहीं? मैं चाहूंगा कि जो trains कोलकाता से दूसरे शहरों के बीच चल रही है उनमें इसके बारे में मंत्री महोदया कृपया ध्यान दें।

एक और बात मैं मंत्री महोदया से कहना चाहता हूं कि बहुत से लोग इधर-उधर, जो धार्मिक स्थान हैं, वहां कोलकाता वगैरह से आते है और वहां से जो trains आती है राजस्थान या दिल्ली के लिए, उनका रानीगंज स्टेशन पर, जो कि एक बड़ा एरिया है, एक हाल्ट दिया जाए, तो इससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

इसी तरह से हावड़ा कोलकाता राजधानी को, आसनसोल एक मेगा सिटी बन रही है, जिसके लिए सरकार ने परमिशन भी दी है, आसनसोल में एक हाल्ट देना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : ओ.के.।

श्री आर.सी. सिंह : सर, बस एक मिनट का टाइम और दे दीजिए। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहूंगा, केवल एक बात की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जो छोटे रेलवे स्टेशंस हैं, वहां पर जो गन्दगी आती है, मैला पड़ता है, वहां पानी की व्यवस्थ नही होती है, इसलिए उस गन्दगी या मैला को मेन्युअली साफ किया जाता है। मै चाहूंगा कि इसके लिए उपयुक्त व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि वहां उनको कुछ सुविधा मिल सके।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : ओ.के.।

श्री आर.सी. सिंह : एक बात मैंने पिछली बार भी कही थी, इस ओर माननीय मंत्री महोदया का ध्यान आकर्षित किया था कि जब देश आजाद नहीं हुआ था, उस समय उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में चित्तू पांडे ने 14 दिन की आजादी घोषित की थी, मैंने उनके नाम पर एक train देने के लिए कहा था। मुझे उम्मीद है कि माननीय मंत्री महोदया इस पर भी जरूर विचार करेंगी।

उत्तर प्रदेश का ही एक शहर मऊ है, जो रेल से दो भागों में बंटा है और उनके बीच में से train गुजरती है। इसलिए वहां पर under bridge या over bridge होना अत्यंत आवश्यक है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इन चंद शब्दों के साथ मै दोबारा इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you, Shri Singh. Now, Shri M.V. Mysura Reddy, not present. Now, Shri Motilal Vora.

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विनियोग रेल संख्यांक 4 विधेयक, 2009, जिसमें भारत की संचित निधि से 7,31,30,60,000 रुपए की राशि रेलों से संबंधित प्रभारों को चुकाने के लिए वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान अपेक्षित की गई है, मांगी गई है, का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

महोदय, मै माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद तो दूंगा, इसलिए कि उन्होंने पिछले छः महीनों में कुछ कसावट लाई है, लेकिन कसावट के साथ-साथ उन्हें इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि जो घोषणाएं भूतकाल मे रेल मंत्रियों के द्वारा हुई हैं, उन घोषणाओं पर भी अमल किए जाने की आवश्यकता है और यह मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा।

यह बजट अनुमान मैंने देखा है। दक्षिण पूर्व रेलवे में जो सबसे महत्वपूर्ण भाग है, आदिवासी अंचल, वह हमारे बस्तर का है। राजहरा से जगदलपुर की रेल लाइन को जोड़ने की बात न जाने कितनी बार इस संसद में कही गई है, माननीय मंत्री जी को उसका अनुमान तो हो गया होगा और समय-समय पर इस बात की जानकारी उनको दी भी गई है। लेकिन, लालफीताशाही के कारण आज जिस प्रकार की भीड़ मची हुई है और जो प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं, उनमें यह कहा जाता है कि लागत में भागीदारी के आधार पर दल्ली-राजहरा, रॉवघाट, जगदलपुर के 235 किलोमीटर के निर्माण कार्य को कार्यान्वित करने के लिए 17-12-2007 को रेल मंत्रालय का छत्तीसगढ़ सरकार और भारतीय इस्पात प्राधिकरण इत्यादि के साथ समझौता हुआ और हस्ताक्षर हो गए और इस पर कुल राशि 700 करोड़ रुपए की खर्च होनी है। माननीय रेल मंत्री महोदया, मैंने अनेकों बार, आप तो अभी छः महीने पहले आई हैं, ...।

इसके बाद भी इस आदिवासी अंचल को जोड़ने की दिशा में किसी भी प्रकार का प्रयत्न नहीं किया गया। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि दल्ली-राजहरा-रानाघाट-जगदलपुर के लिए जो लाइन है, जो आदिवासी अंचल के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी, यह अनेक वर्षों से आपके मंत्रालय में लंबित पड़ी है और कभी पर्यावरण और वन मंत्रालय, कभी कोई और विभाग इसमें अड़ंगे लगाकर इसको डिले करता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदया का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि लगभग 338 रेल लाइनों के प्रोजेक्ट पिछले अनेक वर्षों से लंबित हैं - आंध्र प्रदेश में 23, आसाम में 16, बिहार में 51, छत्तीसगढ़ में 11, दिल्ली में 4, गुजरात में 13, हरियाणा में 8, अरुणाचल प्रदेश में 3, जम्मू-कश्मीर में 2, झारखंड में 16, कर्नाटक में 22, केरल में 13, मध्य प्रदेश में 12, महाराष्ट्र में 13, उड़ीसा में 19, पंजाब में 7, राजस्थान में 14, तमिलनाडु में 22, उत्तर प्रदेश में 33, उत्तराखंड में 4 और पश्चिमी बंगाल में 32 प्रोजेक्ट लंबित हैं। यानी कुल मिलाकर 338 रेल लाइनों के प्रोजेक्ट न मालूम कितने साल पहले आरंभ किए गए थे, उन पर न मालूम कितनी राशि खर्च हो चुकी है, हजारों-करोड़ों रुपए की राशि इन पर खर्च हो चुकी है, लेकिन नई रेल लाइनों की घोषणा हो जाने के बाद, उन प्रदेशों में इन पुरानी रेल लाइनों पर आज भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं मंत्री महोदया से कहूंगा कि वे इस पर विशेष ध्यान दें, ताकि हमारी जो इतने हजारों-करोड़ों रुपए की राशि इन पर लगी है, उस राशि का उपयोग हो सके।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री महोदया से यह भी कहना चाहूंगा कि सर्वे कराने के नाम पर हमने लगभग 3 साल में 116 सर्वे कराए और 116 सर्वे कराने के बाद भी कुछ सर्वे हुए। मैं आपको ध्यान दिलाना चाहूंगा कि 1998 में मैं राजनंदगांव लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता था, मैंने उस वक्त यह अनुरोध किया था कि राजनंदगांव से जबलपुर तक की रेल लाइन का सर्वे किया जाए और उस सर्वे के लिए बजट में प्रावधान भी हुआ, लेकिन आज 2009 आ गया है, 2009 तक इसका अता-पता नहीं है कि उस सर्वे का क्या हुआ, क्या रिपोर्ट आई। इसी तरह राजनंदगांव से मानपुर तक आपका आदिवासी इलाका है, इस आदिवासी इलाके में लोगों ने शायद रेल लाइन देखी भी नहीं होगी, इस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। हम लोग बहुत सी नई रेल लाइनों की घोषणा तो कर देते हैं, लेकिन पुरानी रेल लाइनें जो घोषित हुई हैं, जहां तक इनकी सर्वाधिक आवश्यकता है, वहां इन पर कोई काम नहीं होता है। छत्तीसगढ़ तो सबसे पिछड़ा इलाका है, लेकिन खनिज पदार्थों के मामले में काफी सम्पन्न होने के बावजूद यहां कुछ काम नहीं हुआ है। उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपने समय का बराबर ध्यान रखूंगा और आपके घंटी बजाने से पहले ही मैं अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं कुछ दिन पहले बनारस से दिल्ली आया और गरीब रथ में आया। बहुत कम माननीय सांसदों ने गरीब रथ में यात्रा की होगी। गरीब रथ अच्छा है, साफ-सफाई है, लेकिन उनकी जो चादरें हैं, जो तकिए हैं, न मालूम कितने महीनों से उनकी सफाई तक नहीं हुई। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि गरीब रथ की शुरुआत तो अच्छी हुई, गरीब लोगों के लिए इससे काफी सहूलियत मिली है। मुझे गरीब रथ में चढ़ने का सौभाग्य इसलिए मिला, क्योंकि मेरी ट्रेन छूट गई थी और मुझे दिल्ली पहुंचना था, इसलिए मुझे गरीब रथ में बैठकर आना पड़ा। मैंने देखा कि वहां अटेंडेंट नहीं है, खाने-पीने की व्यवस्था की बात तो छोड़िए, लेकिन कोई अटेंडेंट नहीं है, कोई पूछने वाला नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Minister, please listen to this point. ...*(Interruptions)*... Please listen to this point.

श्री मोती लाल वोरा : वहां लोअर बर्थ मिल जाने से मैं तो आराम से बैठकर आ गया। आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि रायपुर से धमतरी नैरो गेज लाइन है। करीब 40 साल से लगातार उसकी जो हालत है, आप तो अभी नई आई हैं, आपको शायद इसका अंदाज़ा भी नहीं होगा, लेकिन वह रेल लाइन ऐसी है कि आप चलती ट्रेन से उतर जाइए, उतरकर वापस ट्रेन में चढ़ जाइए, अगर आपको बकरियों के लिए झाड़ की पत्तियां तोड़नी हैं, तो उन्हें तोड़कर आप ट्रेन में चढ़कर बैठ जाइए। मैं माननीय मंत्री महोदया से कहूंगा कि मैंने बार-बार इसके बारे में लालू प्रसाद जी से कहा, सबसे कहा, आखिर लोगों के कानों में जूं तो रेंगनी चाहिए, जो कहा जाए, उसका असर तो होना चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि ममता बनर्जी जी जरूर इस ओर ध्यान देंगी क्योंकि ये दोनों रेल लाइनें छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपने मुझे इस बिल पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

श्री श्रीगोपाल व्यास (छत्तीसगढ़) : महोदय, मैं माननीय वोरा जी ने अभी जो बातें कही हैं, चूंकि मैं भी छत्तीसगढ़ से हूं, उनमें एक मिलियन गुणा करके वही वेदना कहना चाहता हूं। आपने प्रश्न के उत्तर में कहा है, मैंने यह प्रश्न 20.11.2009 को पूछा था और उसका यह उत्तर दिया गया। "The new line from Dallirajahara to Rowghat has already been taken up as part of Dallirajahara-Jagdalpur Project". So many hectares of land have been acquired. Everything has been done. It is mentioned, "All the necessary documents for land acquisition for Dallirajahara-Rowghat new line have been submitted to the State Government and the matter is being pursued with them for early action". यह हम बार-बार सुनते आए हैं। मैं माननीया ममता जी से बहुत ही नम्रतापूर्वक निवेदन कर रहा हूं, जो बातें माननीय वोरा जी ने कही हैं, वे तो वर्षों से कह रहे हैं, मैं तो नया आया हूं, परन्तु मैं छत्तीसगढ़ की आवाज को और बुलंद रखने के लिए उनके साथ अपने शब्द जोड़ रहा हूं। आपने अपनी मांगों को करते समय जो कागज सबमिट किया है, उनके बारे में कुछ कहना चाहता हूं। आपने मुख्य रूप से दो मांगों के लिए यह पूरक मांग रखी है। एक तो है राष्ट्रीय परियोजनाएं और दूसरा है, जिसको आप नई सेवाएं या सेवाओं में नए उपकरण कह रहे हैं। मैं माननीय ममता जी का बहुत सम्मान करता हूं और उनकी ऊर्जा का तो लोहा सारा देश मानता है। मैंने यह सुना था और पढ़ा भी था कि आप "व्हाइट पेपर" लाने जा रहे हैं। वह "व्हाइट पेपर" कब आएगा? उसकी प्रतीक्षा भी हो रही है, क्योंकि उससे बहुत सारी बातें देश को जानने के लिए मिलेंगी। मैं यह तो मानता हूं और आपने स्वयं भी बजट रखते समय कहा था कि आपको बजट बनाने के लिए बहुत कम समय मिला है, इसलिए स्वाभाविक रूप से आपको सभी बातों का विचार करने का अवसर नहीं मिला होगा। इसलिए अभी आपने पूरक मांगों के लिए यह विधेयक लाया है। मैं पहले नई सेवाओं के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि यह जो लेवल क्रॉसिंग्स/समपार हैं, उनको प्रारंभ करने के लिए आपने पूंजी मांगी है और वह सभी जोन्स के लिए मांगी है। इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं, क्योंकि बहुधा यह होता है कि कोई एक तरफ बात होती है, तो दूसरी तरफ ध्यान नहीं होता है। आपने समपार और भूमिगत नाली के लिए भी प्रावधान किया है। मैं यह समझ रहा हूं कि आपने इन कामों को प्रारंभ करने के लिए राशि मांगी है। चूंकि आपकी दिशा ठीक है, आपने मानवीय संवेदना का इसमें परिचय दिया है, इतनी दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए मैं इसके लिए आपको बहुत धन्यवाद दे रहा हूं। तथापि मैं आपसे यह कह रहा हूं कि उसमें अभी बहुत काम बाकी है। एक अनुमान के अनुसार देश में कुल पच्चीस हजार रेलवे क्रासिंग्स है। अब आप कब शुरू करेंगे? अगर आपने शुरू किया है, तो

इसके लिए बधाई है। आशा करता हूं कि इससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी होगी। इसी सत्र में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि 2008-09 में 177 accidents हुए हैं। जिनमें 24 में रेलवे सेफ्टी के द्वारा जांच की गई और 153 में डिपार्टमेंट कमेटी के द्वारा जांच की गई। अब यह सोचने का विषय है कि क्या कर्मचारियों की लापरवाही इसका कारण है, जो आपने उसका डिपार्टमेंटल जांच की है? उसका ओवर बर्डन भी एक कारण है। मैं आपसे यह निवेदन कर रहा हूं कि जो आपके लोको ड्राइवर्स हैं, उनका ओवर स्ट्रेसिंग बहुत ज्यादा है। उनके एसोसिएशन की तरफ से एक मेमोरेंडम मिला है। हम समझ सकते हैं कि इतना अधिक घंटे काम करने के कारण मनुष्य पूरा सो नहीं पाएगा, विश्राम नहीं कर पाएगा, तो उसका क्या होगा, तो कृपया उन बातों की ओर अवश्य ध्यान देंगे और इस प्रकार की व्यवस्था करेंगे कि लोको ड्राइवर्स को पर्याप्त रेस्ट मिले, ताकि ये दुर्घटनाएं कम हों।

उसी प्रश्न के उत्तर में आपने कहा था - मैंने पूछा था, इसलिए आपने जवाब दिया था, तो उसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। आपने कहा था कि 41 हज़ार पद खाली हैं, जो Track Maintenance की श्रेणी में आते हैं। यह भी एक चिंता का कारण है। Track failures के कारण क्या-क्या बातें होती हैं, हम सब जानते हैं, तो कृपा करके इस पर भी आप विचार कीजिए और यह बताने का कष्ट कीजिए कि ये पद कब भरे जाएंगे? 41 हजार पद केवल Track Maintenance में खाली हैं, ऐसा आपने स्वयं कहा है।

आपने नई मांगों के बारे में जो कहा है, उसे देखकर मुझे आश्चर्य हुआ कि अभी दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों में जन-उद्घोषणा प्रणाली के लिए अतिरिक्त पैसा मांगा गया है। मुझे समझ में नहीं आता है कि ये इतने बड़े महानगर हैं और अभी तक क्या वहां जन-उद्घोषणा की प्रणालियां नहीं थीं या बहुत कम थी, जिसके लिए आपको पूरक मांग रखनी पड़ रही है? कृपया इन बातों के बारे में भी आप सोचिए। चेन्नई में तो आपने 909.83 लाख रुपए मांगे हैं, Integrated सुरक्षा प्रणाली के लिए, तो चेन्नई का रेलवे स्टेशन सुरक्षित था या नहीं, यह प्रश्न भी खड़ा होता है।

अब मैं आपकी राष्ट्रीय परियोजनाओं के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। आपने मेरे ही प्रश्न के उत्तर में कटरा-काज़ीगुंड लाइन के बारे में कहा था। इस सदन को यह मालूम है और हमारे माननीय चतुर्वेदी जी उसको पुरज़ोर प्रकार से सदन में रखते रहे हैं। हम लोगों को वहां जाने का भी अवसर मिला है, इसलिए यह एक प्रकार की महान राष्ट्रीय चिंता का विषय होना चाहिए। यह राष्ट्रीय परियोजना जरूर है, लेकिन कटरा-काज़ीगुंड लाइन के बारे में कमेटीज़ पर कमेटीज़ बैठ रही हैं। उसका realignment कब होगा? हो गया है या नहीं? ममता जी, मुझे खुशी है, आपने अपने बजट भाषण में कहा था कि यह बहुत सावधानी से करने का विषय है। मैं आशा करता हूं कि आपकी जांच भी पूरी हो गई होगी और आप इस सदन को बताने का कष्ट करेंगी कि इसमें विलम्ब क्यों हुआ? कौन जिम्मेदार है? कितना खर्च हुआ है? यदि आप यह बताने का कष्ट करेंगी, तो बहुत उपकार करेंगी।

जहां तक पूर्वोत्तर का विषय है - दूसरी राष्ट्रीय परियोजना, बहुत खेद का विषय है उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं ...**(समय की घंटी)**... बोलने दीजिए, मैं बहुत महत्व के विषय पर बोल रहा हूं। जिसे हम आज एक राष्ट्रीय परियोजना कह रहे हैं, इतने वर्ष तक, पचास-साठ साल तक, हम इस पूर्वांचल का इतना दुर्लक्ष्य करते रहे कि वहां की राजधानियां तक रेल से connected नहीं हैं! पता नहीं अगरतला कैसे connected है! हमारे मतिलाल भाई बताएंगे, किस प्रकार का प्रयास या दबाव डालकर उन्होंने अगरतला तक तो प्राप्त कर लिया है, मैं उसके लिए आपको धन्यवाद और बधाई दूंगा, परन्तु बाकी का क्या होगा? महोदय, जब भारत का नक्शा दृष्टि में आता है और जब सिक्किम जाने का रास्ता देखते हैं, जो "चिकन नेक" कहलाता है, तो भारत की सुरक्षा के बारे में चिंता होती है। किस प्रकार की वह स्थिति है, कृपया इस पर भी आप सोचिएगा।

आपने एक स्टेटमेंट दिया है - निम्न चालू निर्माण कार्यों के निष्पादन में किए गए निर्णयानुसार परिवर्तन, उस पर एकाध बिंदु कहूंगा, ज्यादा समय नहीं लूंगा। उसमें रायपुर - टिटलागढ़ लाइन का उल्लेख है। महोदय, मैं छत्तीसगढ़ से आता हूं और रायपुर छत्तीसगढ़ की राजधानी है। वह पूर्वी तटीय रेलवे से रेल विकास निगम में दिया गया है और वित्त पोषण के लिए जो आपका शीर्ष है, वह है "निक्षेप"। उसका अर्थ होता है राज्य सरकारों और बाकी एजेंसियों के साथ मिलकर आप करेंगे, बहुत अच्छी बात है। अब चूंकि छत्तीसगढ़ और उड़ीसा, दोनों की सरकारें involved हैं, तो कृपया बताने का कष्ट करें कि उसमें किस प्रकार की भागीदारी उन राज्यों की है और आप यह कब तक करेंगे?

एक बात सुझाव के रूप में मैं आपसे कह रहा हूं कि कई लोगों ने मुझसे कहा है कि पूर्वी तटीय जो रेलवे है, उसके पास एक स्टेशन शायद Mandir Hasaud नाम का होगा उसका, वह रायपुर के बहुत नज़दीक है और Mandir Hasaud की सभी सुविधाएं आप रायपुर से कर सकते हैं, तो मेरा सुझाव है कि उसको रायपुर के डिवीज़न के साथ जोड़ने का विचार कीजिए।

एक आखिरी निवेदन यह है कि सभी जगह रेल उपभोक्ताओं के एसोसिएशन्स और संघ बनते हैं और वे बहुत सी बातें हम लोगों को लिखकर भेजते हैं। यह प्रजातंत्र का तकाज़ा है कि हम ऐसे सारे संगठनों और एसोसिएशन्स की बातों को ध्यान से सुनें और आपको उसमें से जो-जो ठीक लगता है, उनका निर्णय करें और इस सदन को सूचित करने का कष्ट करें। आपने मुझे अतिरिक्त समय दिया, उसके लिए धन्यवाद।

SHRI P. RAJEEVE (Kerala): Sir, the thrust of the Ministry is privatisation. Parcel services and other amenities have been handed over to private capital. While replying to the speech on the Railway Budget, the hon. Minister had given an assurance that she would ensure good quality of food in the trains. But the situation remains the same in most of the trains. Now the IRTC has decided to increase the price of food items. It has been reported that they have decided to sell only Pepsi and Coke, instead of indigenous soft drinks, in the trains. This is a very serious matter. The second point is that there is a sharp decline of workforce; there was a sharp decline of around 20 per cent of workforce during 2007-08. This is a very serious problem. Due to this shortage of workforce, the loco running staff are compelled to work more than 16 to 20 hours in a day. They are deprived of periodical rests. They are compelled to take night duty, continuously for five to six nights. All these things are against the national and international labour norms, and it is also a serious threat to the security of the passengers.

In the last two Budget speeches, M/s Burn Standard and Braithwaite of West Bengal were declared to be taken over by the Railways. I would like to know what the status of this declaration is.

Now I would like to bring the attention of this House to certain demands pertaining to my State, that is, Kerala. One is our longstanding demand for formation of a Peninsular Railway Zone, with headquarters in Kerala. It is a well established fact that the needs and geographical sprawl of

Kerala State are quite different from the neighbouring States, Therefore, the demand for a separate Zone is thoroughly justified. We request the hon. Minister, through you, Sir, to consider this genuine demand of the people of Kerala. The earlier UPA Government had announced the setting up a new coach factory at Palaghat. But nothing has been done up till now. The State Government has solved the problem of locality for acquisition of land. 1 would request the hon. Minister, through you, to make proper allocation of funds for constructing a coach factory at Palaghat. The major demands, for development of Railways in Kerala, are, doubling of lines and electrification. This issue should be properly addressed. I would request the hon. Minister to allocate sufficient funds for electrification and doubling of lines. Regarding RoBs, the hon. Minister has stated, during the Budget speech, that the present system of sharing between Centre and State Governments needs to be reviewed. I would like to know whether this has been reviewed or not. The Government of Kerala has already presented a proposal to take up the responsibility of building RoB, and sufficient funds should be allotted by the Centre as its share in advance. We demand Rs.100 crores as advance payment of the Central share. I would request the hon. Minister to consider this as well.

Most of the trains announced in the Budget, have not been started till now, including the non-stop Duronto trains from Cochin to Delhi. We are waiting for the train to be introduced. I would request the hon. Minister to consider the demand of a new daily train to Bangalore and one to Mumbai. The hon. Minister of State for External Affairs, Shri Shashi Tharoor, had also supported this demand for a new train to Bangalore and Mumbai from Trivandrum. This is a longstanding demand. More than 100 private buses are running services to Bangalore. Their interest has led some railway officials to take stand against a new train to Bangalore.

Sir, while replying to discussion on the Budget of 2008-09, the Railway Minister announced two new surveys in the Northern Kerala; one in Kasargod and another in Angadipuram and Perur, well-known to the hon. Minister of State, Shri Ahammed. I would request the Minister to expedite this survey. I would also request the hon. Minister to start a new railway station at Nedumbassery; the Cochin International Airport is situated at Nedumbassery. The railway line is also very near to the Airport. The new station will be very helpful to the passengers.

Another important demand is to convert Garib Rath between LTT and Trivandrum as a daily train.

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी गरीब रथ में pantry car नहीं है। क्या गरीब को खाना नहीं चाहिए? इसका क्या मतलब है? यही आम आदमी की सरकार अच्छी है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : केरल के मंत्री नहीं समझेगा, तो फिर क्या फायदा है।

SHRI P. RAJEEVE : I request the hon. Minister to consider the genuine demands of the people of Kerala and do the needful. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you Rajeeve for adhering to the time-limit. Shri Y. P. Trivedi. You know your time-limit.

SHRI Y. P. TRIVEDI (Maharashtra): Thank you, Sir. 1 will try to confine myself to the time-limit.

First of all, I will take a second for applauding Mamata *didi* for the excellent job she is doing. There can be no doubt about her earnestness, about her sincerity and her utmost honesty. But I have a problem related to Mumbai, In my city, everyday two or three people are killed at level crossings and it is not even considered to be the news. One must realise that when railway lines are running in the city to the extent of more than 50 kilometres, what is required, first of all, is fencing all the way, which hasn't been done. If one wants to travel without ticket, he can get down at one station, walk a little and, when the fencing stops, he can come out very easily. So, fencing should be done at all places. The second thing which is very necessary is the level-crossing. At a level-crossing, if it is not possible to build an over-bridge, make an underground passage so that people are not tempted to cross because they are in a hurry. The third thing which I would like to mention here is about large tracts of land which are at the disposal of the Railways in Mumbai. In Mumbai, land is like gold and the Railway Ministry should seriously consider the development of these lands, if a necessity arises, on a private-public partnership basis so that the quarters are reserved for the railway staff in the first instance and, thereafter, they are commercially exploited either for offices or residences. I think, it will be a huge source of revenue for the Railways because the tracts are now lying vacant and idle; there are squatters and there are *jhonpadpattis*. I think, this land can be put to a profitable use.

My fourth suggestion is about the safety of passengers and the safety of trains. Today, we are aware of the fact that terrorists are eyeing upon our country and are trying to disrupt our economy and disrupt our life and the Railways are probably the softest target possible. On an experimental basis, at least, some of the luggage should be screened in order to find out whether any bomb has been planted in a hand bag or something else which is placed inside the railway train and, thereafter, see if the man disappears. So, this is something which is absolutely necessary. The fifth thing which I would like to say is that even though we have introduced in Mumbai something like 15-bogey trains, the platforms are not sufficiently long enough to accommodate those trains. Not only that, when you have introduced those trains, the congestion has not disappeared. What is required in Mumbai is a

Metro or a Mono rail for which, probably, the State Government does not have the funds. The Railways should take it up and run Metro rail in the city of Mumbai. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Thank you, Trivediji, for sticking to the time-limit. Shri A. A. Jinnah.

SHRI A. A. JINNAH (Tamil Nadu): Sir, the State of Tamil Nadu is growing fast in the field of industry and information technology. A number of industries find a convenient place in Tamil Nadu with all facilities and amenities. Thousands of people are getting employment because of that.

Sir, we need railway transport for men and material. A lot of railway projects have been neglected in this Budget. It is putting us in a lot of inconvenience. In the very first year of the UPA Government many projects have been given to us. Sir, our Chief Minister of Tamil Nadu has written a letter congratulating the hon. Minister of Railways, at the same time, pointing out what are all the projects to be completed in the State of Tamil Nadu. He says, "I am happy to note that under your able and efficient stewardship the Railway Ministry has been making steady progress not only in terms of providing and upgrading wider railway network but also ensuring impressive increase in the revenue. Against this background, I would like to bring to your notice that a number of important railway projects pertaining to Tamil Nadu are suffering from either inadequate provision of funds or slow physical progress. As you are already aware, all these railway projects are very essential to cater to the long felt needs of the public of Tamil Nadu.

For instance, in respect of projects relating to gauge conversion, against a Budget grant of Rs.240 crores provided for the year 2009-10, an additional grant of Rs.280 crores will be required to complete the works on time. Most importantly, Mayiladuthurai-Thiruvarur-Karaikudi and Thiruthuraipoondi and Nagapattinam-Thiruthuraipoondi via Thirukkuvalai gauge conversion works are still pending completion because of inadequate funding.

Similarly, in respect of doubling of railway line, eight projects have been taken up for executive at a Budget outlay of Rs.112 crores during the year 2009-10, whereas an additional grant of Rs.77 crores will be required to complete the doubling of Chengalpattu-Villupuram line alone in this year itself.

Same is the situation in respect of projects for laying new lines. For example, Karur-Salem new railway line project covering a distance of 85 kilometres is being carried out in the State. As against a Budget grant of Rs.36 crores for the year 2009-10, already an amount of Rs.34 crores has been spent as on date. The estimated requirement of funds for the full year is Rs.140 crores. Hence, an additional grant of Rs.104 crores will be required for this project in order to maintain the pace of progress in the work. I understand that there is certain slowness in the execution of this project. Similar is the situation in respect of the remaining five new lines projects namely Thindivanam-

Thiruvannamalai, Thindivanam-Nagari, Attipattu-Puttur, Erode-Palani and Chennai-Cuddalore via Mahabalipuram. Mahabalipuram is the place of Pallava kings and it is a pilgrimage and tourist spot in India. So, taking into consideration everything, I would request the hon. Railway Minister, Mamataji to give some kind of help to Tamil Nadu. At the same time, she has to look after the welfare of the Tamilians. The Tamilians are always taking a very great place in the UPA Government. Tamil Nadu and our Chief Minister, Dr. Karunanidhi are standing like a colossus in protecting the UPA Government. I request the hon. Minister to render justice to us by providing funds for all the projects about which I have made a mention here. Thank you very much.

श्री रघुनन्दन शर्मा (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मै इस अनुपूरक बजट का समर्थन करता हूं। संसद में पहले जो धन दिया है, वह भी पूरी तरह से समुचित खर्च नही हो पाया, लेकिन फिर से माननीय रेल मंत्री जी ने लगभग 7 अरब 31 करोड़ 30 लाख रुपए की आवश्यकता बताई है। भारत की संचित निधि में से यह धन रेलवे के प्रशासन को ठीक करने के लिए, भारत में नई रेल लाइनें बिछाने के लिए और अन्य कार्यों के लिए स्वीकृत करने की अपेक्षा की है। जब आदरणीय ममता जी रेल मंत्री बनी थीं, तो उनसे बड़ी आशाएं बंधी थीं, लेकिन जैसे ही उन्होंने पहला बजट प्रस्तुत किया, तो बजट पेश होने के बाद ये आशाएं धूमिल हुईं, निराशा उत्पन्न हुई। ऐसा लगा कि वे सम्पूर्ण भारतवर्ष के रेल विभाग की मंत्री नही हैं, उनका रेल विभाग छोटा होकर केवल पश्चिमी बंगाल का रेल विभाग हो गया है। मानों वह अखिल भारतीय बंगाल रेल मंत्रालय तक सीमित हो गया है, ऐसा लगा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि उनको सम्पूर्ण देश के विकास की दृष्टि से बात करनी चाहिए। अभी उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा है कि लगभग 358 रेलवे स्टेशंस आदर्श रेलवे स्टेशंस के लिए चिन्हित किए गए हैं। जब मैंने उन सारे रेलवे स्टेशंस को देखा, तो मुझे उसमें यह दिखाई दिया कि 358 में से 200 रेलवे स्टेशंस पूर्वी क्षेत्र के हैं और सारे देश के लिए केवल 158 आदर्श रेलवे स्टेशंस का चयन किया गया है। यह आदर्श रेलवे स्टेशन चयनित करने की प्रक्रिया क्या है, इसका आधार क्या है? किस आधार के ऊपर आपने इन्हें चिन्हित किया है? उनको चुनने का कोई आधार होगा। मुझे ऐसा लगता है कि जो यूपीए के राज्य नहीं हैं, उन सब राज्यों को बाहर निकाल दिया गया है और आपने ऐसे राज्यों को, जो केवल यूपीए के राज्य थे, उन्हीं को अपनी लिस्ट में सम्मिलित किया है। एनडीए के सारे राज्य आपकी प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। आपका सारा समय अभी बंगाल में ही जा रहा है। कुछ मित्र दलों ने आपको अभी से मुख्य मंत्री घोषित कर दिया है। मैं आपको इसके लिए पूर्व में बधाई देता हूं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक आप रेल मंत्री हैं, तब तक आप सारे देश का ध्यान रख कर चलेंगी, तो सारे देश के लोगों के विकास की अपेक्षा पूरा करने का जो सपना है, वह पूरा हो जाएगा।

माननीय मंत्री महोदया, रेलवे के करीब 8 हजार रेलवे स्टेशनों पर आज भी PCT प्रणाली है। बुकिंग क्लर्क के हाथ से छपे हुए टिकट पर जो किराया लिख दिया जाता है, वही किराया उपभोक्ताओं से वसूल किया जाता है। वह बुकिंग क्लर्क कितना लिखता है, स्टेशन के ऊपर उसकी कोई सूची नहीं लिखी हुई है और उसकी जेब से वह सारा किराया देना पड़ता है, उपभोक्ता को लूटा जाता है। इसमें फर्जी entries भी होती हैं और यात्रियों को गलत तरीके से पैसे का भुगतान करना पड़ता है। आज के युग में हम यदि आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के अनुसार रेलवे टिकट की

व्यवस्था नही कर सकते, तो वहां पर आधुनिकतम किराए की व्यवस्थित सूचियां लगा कर दे सकते हैं, ताकि उपभोक्ताओं को वास्तविक किराए की जानकारी प्राप्त हो।

इसी प्रकार आपका रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण बना हुआ है। उस रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण में वाणिज्यिक कार्यों का उपयोग होना है। इस हेतु प्राधिकरण को 3,744 एकड़ भूमि सौंपी गई है, जिनमें से केवल 41 एकड़ भूमि के करार हुए हैं, काम नहीं हुआ है। काम nil है और आपको जितना चाहिए, उतना पैसा हम आपको संसद के माध्यम से देते जाते हैं, आपको संचित निधि से खर्च करने की अनुमति देते जाते हैं, लेकिन जब विकास कार्य की बात आती है, तो वहां पर शून्यता, रिक्तता दिखाई देती है। मैं एक और बात कहना चाहता हूं। गत तीन वर्षों में समर्पित माल गलियारा निगम लिमिटेड (Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd. (DFCCIL) को 351 करोड़ रुपए अंतरित किए गए, किन्तु वह पूर्वी-गलियारे और पश्चिमी गलियारे के निर्माण कार्य के लिए तीन वर्षों में केवल 126 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया। गति इतनी धीमी है। यह कार्य वर्ष 2007 से प्रारम्भ हुआ है और 2017 में पूरा होना है। केवल 10 वर्षों में इतना सारा काम होना है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस गति को बढ़ाने की आवश्यकता है। हमारा देश इतना बड़ा है। हम नई रेलवे लाइनें बिछाना चाहते हैं, नये मार्गों का निर्माण करना चाहते हैं, छोटी रेलवे लाइनों को बड़ी रेलवे लाइनों में बदलना चाहते हैं, लेकिन उस ओर हमारा ध्यान ही नहीं जा रहा है। हमारी गति बहुत ही मंद है।

आपकी विज्ञापनों से प्राप्त आय भी घटी है। आपने चालू वित्त वर्ष में 307 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा है कि विज्ञापनों के माध्यम से हम यह राशि एकत्र करेंगे, लेकिन अभी अक्टूबर तक आपके पास केवल 45 करोड़ ही प्राप्त हुए हैं। यह आय पिछले वर्ष की आय के मुकाबले 14% घटी है। यह वित्त वर्ष 2007-08 में 156 करोड़ रुपए थी और 2008-09 में 173 करोड़ रुपए हो गई। मुझे लगता है कि विभाग के कार्यों के प्रति आपकी चिंता कम हो गई है। आपकी प्रशासनिक दक्षता, जिसका सारा देश कायल है एवं हम भी आपके प्रशंसक हैं, लेकिन लगता है कि आप कहीं न कहीं उलझी हुई हैं और प्रशासनिक कार्यों के प्रति बेखबर हो गई हैं। मैं आपसे अपेक्षा रखता हूं कि जैसा आपके बारे में सोचा जाता है, उसी के मुताबिक आप रेलवे को गति प्रदान करेंगी।

सूत्रों का दावा है कि 18,000 नये वैगन खरीदने और नई ट्रेनों को चलाने के लिए आपकी योजनाएं कोच फैक्ट्री स्थापित करने की हैं, लेकिन इसके लिए कई अरब रुपए की आवश्यकता होगी। इसके लिए आपको बैंकों से धन लेना होगा, साथ बांड के माध्यम से भी धन जुटाना होगा और बंगाल की राजनीति से फुर्सत निकाल करके आपको धन जुटाने की व्यवस्था करनी पड़ेगी। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): शर्मा जी, समाप्त कीजिए।

श्री रघुनन्दन शर्मा : मैं एक और बात कहना चाहता हूं और उस बात के साथ ही अपनी बात समाप्त करूंगा। दाहोद से लेकर मध्य प्रदेश में इन्दौर तक की रेलवे लाइन, पन्द्रह वर्षों से सर्वे हो करके पड़ी हुई है, लेकिन उसका काम अभी तक भी प्रारम्भ नहीं हुआ है। इसी प्रकार से रामगंज मंडी से लेकर भोपाल तक की रेलवे लाइन 20 वर्षों से सर्वे के इंतजार में है, लेकिन वह काम भी पूरा नहीं हुआ है। गति यदि यही रही तो इस देश का क्या होगा? रेल के प्रति हम आशान्वित हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): बस, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री रघुनन्दन शर्मा : यदि देश में हम रेलों का जाल फैला सके, तो निश्चित रूप से हम अपने इस देश को विकास की एक नई दिशा दे सकते हैं और नई गति प्रदान कर सकते हैं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।

MS. MABEL REBELLO (Jharkhand): Thank you, Sir. I am an MP from Jharkhand, adjacent to the Minister's State, home State. She is doing wonderful work, a lot of work, a lot of projects she is taking there, increasing infrastructure and also establishing industrial units to create jobs there. Brindaji is looking at me trying to say as if I am saying something wrong. Brindaji, she is creating jobs and she is helping West Bengal. Please do not look at me like this. ...*(Interruptions)*... So, my request...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Remember your time.

MS. MABEL REBELLO: Yes, Sir. I am aware of the time, I have only two or three points. My request to the hon. Minister is that she should take care of Jharkhand as well. She knows Jharkhand is a nascent State, hardly of nine years, and she knows Jharkhand requires infrastructure. Sir, there are five projects. In the year 2002, the State Government of Jharkhand signed a Memorandum with the Railway Board and these projects were supposed to be completed in the year 2007. But they are not completed due to various reasons and now again Jharkhand Cabinet has taken a decision in the month of February 2009 to sign again a Memorandum with the Railway Board and to take this project forward by five years and complete it. But my request to the hon. Minister is that when the Memorandum was signed in the year 2002, at that time for what reasons, I do not know, the State Government was forced to contribute 'two is to one share', that is, 66 per cent State will give to the project and 33 per cent, that is, one third the Railways will contribute.

Sir, this is very, very unfair for a poor State like Jharkhand. It should be on the basis of 50:50 share. I have already given it in writing to the hon. Railway Minister and, I am sure, she would definitely consider it being a neighbouring and poor State. She would bring up the sharing to 50:50 level.

The second point is, the original cost, when the agreement signed, was Rs. 1,997 crores. Now, there is cost escalation. As a result, it has gone up to Rs. 3,300 crores and the State Government does not have that much money to contribute. Therefore, I request that the hon. Railway Minister should contribute more and complete these projects very early.

Sir, the Rajdhani Express from Delhi to Ranchi takes 19 hours, But, if a small stretch of 25 kms. between and Lohagadha to Changua in district Palamu, is completed, which is a missing link, then the journey can be reduced by four hours. The travel time between Delhi and Ranchi can, at best, be about 12 to 13 hours. Now, it takes almost 18 to 19 hours. Similarly, Daltangunj to Kolkata the journey can be reduced by 5 hours. Therefore, I urge upon the hon. Railway Minister to take up this particular link of 25 kms. and complete it urgently.

3.00 P.M.

Sir, in the same way, there are six projects signed with the Railway Board. They are all hanging fire. They have taken a lot of time for land acquisition and other things. That is how the projects got delayed and there is cost and time overrun. As a result of that, none of the projects have seen the light of the day.

Hence, I request the hon. Railway Minister to direct the Railway Board to sign once again MoUs with the State Government and complete these projects without any further delay. Thank you.

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार) : महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया है।

सर, हिन्दी में एक मुहावरा है, जिसे मैं बोलना चाहता हूं। "सधे साधे तब सधे, सब साधे सब जाए।" ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं, वह आपका है। मेरा उससे अलग है। ...(**व्यवधान**)... सर, मेरा मतलब यह है कि पहले जो हमारे रेल मंत्री थे, उन्होंने इसमें साधना की तो उनका स्टेट चला गया। अब आप रेलवे में ऐसी साधना कर रही हैं, रघुनन्दन बाबू ने ठीक कहा, कि आपको एक जगह की चिन्ता है। उस जगह का नाम मैं नहीं लेता हूं। उसे लोग बाद में समझ जाएंगे। जब आपको एक जगह की चिन्ता होगी तब आपको रेल में कमी दिखाई पड़ेगी। यह पक्की बात है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। इसीलिए रेल के बजट को अलग से रखा गया और उसको आम बजट के साथ जोड़ा नहीं गया, क्योंकि रेल में महत्वपूर्ण उक्तियां, महत्वपूर्ण चीजों का समावेश होता है।

अगर आपकी एक साल बाद की कोई योजना है तो उसके लिए हम आपको congratulate करते हैं। आपको हम भी सहायता करेंगे। हम लोग भी आपको मदद करेंगे। हम लोग भी आपके बारे में जरूर सोचेंगे कि आप अच्छा काम कीजिए, लेकिन आप जरा रेलवे के बारे में सोचिए।

मैं कहना चाहता हूं कि बहुत सारे लोग या कोई एक आदमी project issue नहीं करता है, बल्कि रेल मंत्री project issue करते हैं। अब आप बताइये कि मुंगेर में जो रेलवे पुल है, उसका क्या हुआ? दीघा में जो रेलवे पुल है, उसका क्या हुआ? छपरा में जिस coach factory का उद्घाटन किया गया था, उसका क्या हुआ? ये सब समस्याएं हैं। इनके बारे में आप जरूर सोचिए। क्योंकि आपको समय नहीं मिलता तो आप कैसे सोचेंगी? यही दिक्कत है। तो आप समय निकालिए। यह जो प्रोजेक्ट रेल मंत्रालय के द्वारा, कैबिनेट के द्वारा शुरू किया गया है, उसके बारे में आप क्या विचार करेंगी। इसके बारे में आप देखिए।

दूसरी बात, मैं यह कहना चाहता हूं कि आये दिन ट्रेनों में डकैती हो रही है। इसके बारे में आप विचार कीजिए कि ट्रेनों में डकैती क्यों होती है? आप कहेंगी कि यह राज्य सरकार का मामला है, लेकिन आपके यहां भी तो force है, आपके यहां भी तो RPF है और आपके बटालियन भी हैं ...(**व्यवधान**)... आपको सुरक्षा के बारे में भी विचार करना पड़ेगा।

आपने कुछ अच्छे काम भी किये हैं, लेकिन "इज्जत पास" को लेने के लिए लोगों को बेइज्जत होना पड़ता है। आपने हमें लिखने के लिए कार्ड दिया है। हमारे लिखने के बाद भी उन लोगों को "इज्जत पास" के लिए बेइज्जत होना पड़ता है। तो ऐसा "इज्जत पास" आपने क्यों दिया, जिसमें लोगों को बेइज्जत होना पड़े? जो गरीब लोग जाते हैं, वे जा ही नहीं पाते हैं, उनको भगा दिया जाता है।

सर, दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा, क्योंकि समय कम है, जब कभी मैं ट्रेन से जाने की सोचता हूं, जब "राजधानी" से जाने के लिए सोचता हूं और जब पटना-राजधानी से जाने के लिए सोचता हूं - वह ट्रेन तो अच्छी है, वह टाइम से जाती है और वह ठीक ट्रेन है। कभी-कभी वह लेट होती है, उसको तो आप ruled out नहीं कर सकते हैं, लेकिन अगर हम उसमें जाते हैं और हमारी पत्नी जाती हैं तो सबसे ज्यादा कठिनाई यह होती है कि हम लोग जब उसमें खाना खाने के बारे में सोचते हैं तो हमारे शरीर के पूरे रोएं कांप जाते हैं, क्योंकि खाना तो वही मिलेगा। इसके बारे मे मैने मंत्री जी को कहा है कि उसमें आप जो पनीर देते हैं, उसको देखने के बाद आदमी को बाथरूम जाने को मन करता है, यानी vomiting करने का मन करता है। पनीर तो अच्छी चीज है, लेकिन वह कितने दिन का बना होता है, कितने दिन उसे कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है, वह इतना खराब होता है कि यह पता नहीं चलता। मैंने इसके बारे में उनसे कहा है और उनको बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने तुरन्त जाकर कहा कि पनीर को बंद करो। इसके लिए मै उनको बधाई देता हूं।

सर, हम लोग जब Frist AC में जाते हैं, तो उसका bedroll तो बहुत बढ़िया है, वह बड़ा सुगंधित महकता है, यह अच्छा लगता है कि उसमें सेंट-वेट सब दिया है, लेकिन जो आम लोग हैं, आप Second AC में जाइए, Third AC में जाइए या गरीब रथ में जाइए, जैसा श्री मोती लाल वोरा जी ने भी कहा, अगर आप उनमें जाइए तो वहां उतनी ही दुर्गन्ध होती है, जितनी First AC में सुगन्ध होती है। आप bedroll को बंद कर दीजिए। हम तो यह कहते है कि ट्रेन मे खाना ही बंद कर दीजिए। ट्रेन की खिड़की खोलिए और हर ट्रेन को रोकिए। ट्रेन के बाहर जो पूड़ी मिलती हैं, वह अच्छी होती है, क्योंकि वह सामने बनी होती है और आपका भोजन कब का बना होता है, कब का नहीं, उसका पता नहीं है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि आप इसके बारे में जरूर विचार कीजिए।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आपकी जो GRP पुलिस है, जो RPF है, वे लोग टिकट check करते हैं। वे लोग टिकट check ही नहीं करते, बल्कि जो गरीब लोग बाहर कमाने के लिए जाते हैं, या बाहर से कमा कर आते हैं, वे उनसे पैसे छीन लेते हैं और उनका सामान ले लेते हैं। वे लोग डकैती वगैरह में भी पाये गए हैं। तो आप इसके बारे में जरूर विचार कीजिए कि यह कैसे दूर होगा?

अंतिम बात, जो मैं कहना चाहता हूं, मैं देख रहा हूं कि आपकी उंगली घंटी की तरफ ही जा रही है। सर, अंतिम बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर तीन महीने पहले भी आप टिकट कटाएंगे तो आपको waiting टिकट ही मिलेगी। हम लोगों के लिए तो अब waiting नहीं होता है, क्योंकि हम लोगों के लिए extra coaches वगैरह भी लगते हैं।

सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर तीन महीने पहले भी आप टिकट बुक कराएंगे, तो उसमें आपकी 100वीं वेटिंग लिस्ट रहती है। 100वीं वेटिंग लिस्ट होगी, तो क्या होगा, कैसे होगा? सर, दलालों की संख्या भी बढ़ गई है और इसको आपको check करना पड़ेगा and by these words, I congratulate you. आप थोड़ी मेहनत और कीजिए। वैसे मेहनत तो आप कर रही हैं, थोड़ी और मेहनत करेंगी, तो दोनों काम हो जाएंगे। उधर आप स्टेट मे भी संभाल लेंगी और इधर भी थोड़ा ज्यादा ध्यान देंगी, तो यहां ठीक-ठाक हो जायेगा, धन्यवाद।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं केवल सूत्र रूप में बात करूंगा, यदि घंटी बजाएंगे, तो तकलीफ हो जाएगी, मैं अपने समय का ध्यान रखूंगा।

महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदया से एक निवेदन करना चाहता हूं। पहले वे बजट लाई थीं और अब सप्लीमेंट्री बजट लाई हैं, वह पास हो जाएगा, किंतु सप्लीमेंटरी बजट को देखने के बाद ऐसा लगता है कि जो आम आदमी है, कॉमन मैन है, उसकी चिंता कम की गई है, इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदया से निवेदन करूंगा कि उसकी चिंता करें। उसके कारण क्या हो रहा है? आम आदमी को सुविधाएं नहीं मिलने के कारण सड़क परिवहन बढ़ रहा है और वह 40 प्रतिशत हो गया है। मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री महोदया कोई Expert Committee बनाएं, जो यह देखे कि आज यह सड़क परिवहन इतने परिमाण में क्यों बढ़ रहा है और रेल से यात्रा करने वाला कॉमन मैन कम क्यों हो रहा है? मैं इसके लिए नौ सूत्र आपकी सेवा में प्रस्तुत करना चाहता हूं, जिन पर आप चिंता करें।

नंबर एक, लोकल गाड़ियों की संख्या बहुत कम है। दिन आवागमन में अधिक होता है, इसलिए लोकल गाड़ियों की संख्या बढ़ाइए। लोकल गाड़ियों का जो समय है, कई बार छोटी दूरी तक जाने वाली गाड़ियों का समय रात में रहता है, उनका कोई फायदा नहीं होता है और निश्चित रूप से लोग सड़क परिवहन से जाते हैं।

दूसरा निवेदन मेरा यह है कि यदि कोचेज की संख्या 24 करना तय किया है, तो 24 कीजिए, पर कम से कम पांच-छः कोच तो जनरल व्यक्तियों के लिए बढ़ाइए, क्योंकि कॉमन मैन घूमने जाता है। मेरा एक और निवेदन यह है कि गाड़ियों के जो फेरे हैं, उनको कृपा करके बढ़ाइए। अभी-अभी एक माननीय सदस्य, जिनको यहां अभी बोलने का समय नहीं मिलेगा, मुझे कहकर गए है कि देवघर-बैद्यनाथ धाम से बनारस, दो तीर्थस्थलों को जोड़ने के लिए जो काशी-विश्वनाथ एक्सप्रेस चलती थी, उसे बंद कर दिया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि वह तीर्थस्थान है और फेरे बढ़ाने की बात तो दूर, उलटा उसको बंद कर दिया गया है! मैं माननीय दीदी से निवेदन करना चाहता हूं और उनकी घोषणाओं को बताना चाहता हूं। स्वच्छता के विषय में कई लोगों ने चर्चा की है। उन्होंने भी अपनी नीति घोषित की थी कि पर्यावरण हितैषी ग्रीन शौचालय बनाए जाएंगे। मंत्री महोदया आप जवाब दें कि ये पर्यावरण हितैषी ग्रीन शौचालय कहां-कहां बने हैं?

महोदय, पैंट्री कार की अभी बहुत चर्चा की गई। पैंट्री कार न होने से लंबी दूरी के यात्रियों के लिए बड़ी असुविधा होती है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि अधिकतर ट्रेनों में पैंट्री कार है ही नहीं और कुछ में तो वे बीमार हैं, खस्ता हाल है। मैं उन ट्रेनों के नाम बताना चाहता हूं और मंत्री महोदया से कहना चाहता हूं कि आप उन सबकी जांच कराएं और देखें कि वे कब से खस्ता-हाल और बीमार पड़ी हैं। वे ट्रेनें हैं - हैदराबाद-दक्षिण एक्सप्रेस, अर्नाकुलम-बंगला एक्सप्रेस - यह तो आपके क्षेत्र से संबंधित है, फिर है, चेन्नई-तमिलनाडु एक्सप्रेस, बरौनी-वैशाली एक्सप्रेस और इस्लामपुर-मगध एक्सप्रेस। आप कृपया इनकी जांच करवाएं और समस्या का निदान करें।

एक और निवेदन मैं करना चाहता हूं - अभी चर्चा की गई कि छोटी दूरी तक चलने वाला जो कॉमन आदमी है, उसको वेंडर चाहिए, कुछ लेने के लिए खोमचा चाहिए, लेकिन रेल मंत्रालय ने आदेश पास कर दिया कि खोमचे पर गर्म पूरी नहीं बनाई जाएगी, पूरी बाहर से बनाकर लाइए। चाय नहीं बनाई जाएगी, अपने घर से बनाकर लाइए। पकौड़ी नहीं बनाई जाएगी, घर से बनाकर लाइए। तो व्यक्ति क्या खाएगा? वह बासी खाएगा। यह आपने क्या व्यवस्था की है? कम से कम कॉमन आदमी की तो चिंता कीजिए।

छठी बात मैं आरक्षण की कहना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि आरक्षण Origin to destination लिया जा रहा है।

मेरी समझ में नहीं आता कि अगर मैं बीच में ट्रेन में बैठता हूं तो क्यों origin to destination हो और अलग-अलग रेलों की व्यवस्थाएं क्यों हों? जहां से जाता हूं, कहीं दो ट्रेनें बदलता हूं तो आरक्षण दो बार कराऊं, तीन बार कराऊं ! यह व्यवस्था किसी भी दृष्टि से कॉमन आदमी के लिए उचित नहीं है। रेलों के प्लेटफॉर्म बहुत छोटे हैं, कम संख्या में हैं। जब स्टेशन पर ट्रेन रुकती है तो वहां कॉमन आदमी क्या करेगा? आपसे अनुरोध है कि प्लेटफॉर्म को ऊंचा करिए, उनकी लम्बाई बढ़ाइए। लम्बाई बढ़ाने का काम नरेगा में आसानी से हो सकता है, वहां मिट्टी डलवाई जा सकती है। आप वहां खड्डे खुदवा रही हैं, आप वहां पर मिट्टी डलवाने का काम क्यों नहीं करते? आपकी रेल लाइन बन जाएगी। यहां पर बहुत चर्चा की गई कि जो टारगेट तय किए जाते हैं, जो लक्ष्य तय किए जाते हैं, वे पूरे नहीं होते। मेरा आरोप है कि निश्चित रूप से जो श्वेत पत्र लाने की बात आप कर रही हैं, उसमें पिछले 6 साल के जो टारगेट रेल पथ के हैं, नई रेल निर्माण के, दोहरीकरण के, इलेक्ट्रीफिकेशन के, आमान परिवर्तन के - उनके संबंध में बताइए। मेरा आराप है कि 1/3 टारगेट भी पूरा नहीं होता है। इस प्रकार की स्थिति है। मै आपसे कहना चाहता हूं, माननीय मंत्री महोदया ने अपने भाषण में बताया था कि बांदीकुई-अलवर ऐसा क्षेत्र है, जिसका रेट ऑफ रिटर्न 14 प्रतिशत है। कह रहे हैं कि इसका दोहरीकरण हो रहा है। मुझे समझ में नहीं आता कि क्यों नहीं निश्चित रूप से इसकी स्वीकृति दी जाती? महोदय, दिल्ली से अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन इतनी बिजी ट्रेन है, उसका इलेक्ट्रीफिकेशन क्यों नहीं किया जाता? मैं चाहता हूं कि इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है। एक बात और कहना चाहता हूं। मैं उन्हें उनके भाषण की बात याद दिलाना चाहता हूं। सिग्नलिंग के विषय में उन्होंने कहा था कि जो लक्ष्य हमने निर्धारित किए, नई प्रणाली के लिए वांछित सामान समय पर नहीं आने से देरी होती है। इसके लिए समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। ऐसा उन्होंने अपने भाषण में कहा था। उन्होंने कहा था, मैं कोट कर रहा हूं। माननीय दीदी ने सैम पित्रोदा की अध्यक्षता में जिस विशेषज्ञ समिति का उल्लेख किया था, वह अफवाह थी या हो गई? आज वह ज़मीन पर है, जो ऑप्टीकल फाइबर केबल नेटवर्क बिछाने की दिशा में कोशिश करेगी, प्रयत्न करेगी, व्यवस्था करेगी? मैं चाहता हूं, माननीय मंत्री महोदया जब जवाब दें तो इस पर जरूर प्रकाश डालें। समपार के बारे में कहना चाहता हूं। ...**(समय की घंटी)**... सर, मैं केवल दो छोटी-छोटी बातें संक्षिप्त रूप से कहना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि 23,000 कोचेज़ की आवश्यकता है। आपने अपने भाषण में कहा कि 18,000 कोचेज़ बनेंगी। मैं जानना चाहता हूं कि विशेष 5000 कहां से आएंगी? आप क्यों नहीं प्राइवेट सैक्टर में जाते? पीपीपी में जाइए, वहां पर उन्हें बनाने की टेक्नोलॉजी आज उनके पास है। आप कोशिश कीजिए, उससे वह संख्या पूरी होगी और उसके कारण आगे बढ़ा जा सकेगा। महोदय, जहां तक संरक्षा का सवाल है, मैं एक दो बिन्दुओं पर निवेदन करके समाप्त करूंगा। अभी आपने पढ़ा होगा, हमने देखा कि रेलवे के ऊपर पाइप टूटकर गिर गयी। रेलवे कमेटी का सदस्य होने के नाते मुझे बहुत जगह जाने का मौका मिला है। लाइनें आउटडेटेट हो गई हैं, पुल आउटडेटेड हो गए हैं, उन पर लिखा हुआ है कि इस डिब्बे को, इस चीज़ को इस तारीख को रिटर्न करना है, वे होते नहीं हैं, उनकी मरम्मत नहीं होती है। कैसे काम चलेगा? एक अंतिम बात और कहना चाहता हूं। एक नई स्कीम "इज्जत" शुरू की गई थी। उसकी चर्चा यहां पर हुई थी। लेकिन यह कहा गया कि 1500 रुपए प्रति माह आय होनी चाहिए। यानी, जो व्यक्ति एक दिन में 50 रुपए कमाए, उसको तो यह सहूलियत है। सौ किलोमीटर की दूरी पर कौन पचास रुपए कमाने जाएगा? माननीय मंत्री महोदया से मेरा अनुरोध है कि इसको तीन हजार तो करें। अगर नहीं करेंगी तो काम कैसे चलेगा? निश्चित रूप से मेरा मत है कि इसकी चिंता करिए और इसको ठीक करने की कोशिश कीजिए। एक और

बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। पहले तो कुलियों को गैंगमैन बना दिया। आज हालत क्या है? दिल्ली स्टेशन पर कुली नहीं मिलते। अनाप-शनाप चार्जेज ले रहे हैं। आप नई भर्ती क्यों नहीं करते? नई भर्तियां नहीं हुईं और दूसरी ओर भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे में रिश्वत लेकर भर्ती, रेलवे भर्ती के समय पर्चे लीक हो जाना और भर्ती मे कुछ विशेष वर्गों को प्रमुखता दिया जाना, ऐसे मामले हैं जो सारी व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं। मेरा मंत्री महोदया से अनुरोध है कि इसकी जांच करें और जांच करके कॉमन व्यक्तियों को राहत देने की कोशिश करें। यही मेरा आपसे अनुरोध है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Honourable Members, I am getting a number of requests for participation in the debate. I think, either you are not reading the Bulletin or conveniently forgetting what you read. It is already informed to every Member that those who would like to speak should give their names, at least, haif-an-hour before the commencement of the debate. Now, I have got a number of Bills, I don't know what to do. If there is time, I can call one or two hon. Members because I want to accommodate also. But, keep this in mind and give the names in advance so that time will be adjusted and more Members will get chance. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): This debate wil go on till what time?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We want to finish it before 4.00 p.m. But, more names are coming in. That is my problem. ...*(Interruptions)*... Now, Ms. Sushila Tiriya.

सुश्री सुशीला तिरिया (उड़ीसा) : थैंक्यू सर, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूं। सर, यह रेलवे एप्रोप्रिएशन बिल नं. 4 2009-10 को सपोर्ट करते हुए मैं ममता जी को, अहमद जी को तथा मंत्रालय को बधाई देना चाहूंगी कि कम समय में एक साल भी पूरा नहीं हुआ, उसके बावजूद उन्होंने कोशिश की तथा अभी भी कोशिश कर रहे हैं कि जनरल रेलवे बजट में जितने मुद्दे हम रखते हैं, प्रस्तावित डिमांड रखते हैं, उतना डिमांड न रखते हुए मैं केवल कुछ पॉइन्ट्स एप्रोप्रिएशन बिल के तहत रखना चाहूंगी, क्योंकि उस समय मंत्री जी ने यह कहा था कि social viability को भी ध्यान में रखते हुए रेलवे लोगों की सेवा और रिमोट इलाका, गरीबों की, दलितों की और जहां हमारे लोगों ने रेल को देखा नहीं है, जहां रेल की पहुंच नहीं है, उस क्षेत्र तक पहुंचाने, लोगों को रेलवे की सेवा देने की और लेने की रेलवे काम करेगी। इसलिए social viability को भी ध्यान में रखते हुए रेलवे केवल इकॉनोमिकल viability को देखते हुए social viability को भी वे देखेंगे। सर, उन्होंने खान-पान की व्यवस्था सुधारने के लिए उस समय जनरल बजट में कहा था। तो उन्होंने इस तरफ खुद ध्यान रखते हुए पार्लियामेंट की जो खान-पान की व्यवस्था है उसमें भी कुछ सुधार लाई हैं। रेलवे में भी कुछ अच्छा खान-पान इंट्रोड्यूज किया है। इसके अलावा पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल और केंटीन में काफी भीड़ हो रही है। इसलिए ईस्ट, वेस्ट, साउथ एवं नॉर्थ का जो खोने का प्रबंधन है, उसे उड़िया, बंगाली खाने से लेकर साउथ और नार्थ खाना को पार्लियामेंट में इंट्रोड्यूज किया है। इसलिए मैं उनको धन्यवाद और बधाई देना चाहूंगी।

सर, मैं इसमें दो-चार मुद्दे और जोड़ना चाहूंगी। सर, रेलवे में जो सिक्योरिटी का प्रावधान है, मेरे हिसाब से वह काफी नहीं है। अगर कोई भी महिला आज के दिन में रेलवे में सफर करना चाहेगी, किसी को इंटरव्यू के लिए

जाना है या किसी को नौकरी में जॉइन करने जाना है या किसी महिला को teenager गर्ल्स को पढ़ने जाना है, तो मुझे नहीं लगता कि रेलवे में सफिसिएंट सिक्योरिटी है। इसलिए जो जेंट्स आर.पी.एफ. है उसके साथ-साथ महिला आर.पी.एफ. को भी उसमें रखना चाहिए, उनको नियुक्त करना चाहिए, ताकि वे कुछ करें या न करें, लेकिन महिला यात्री को एक साइक्लोजिक सेटिस्फेक्शन रहेगा कि रेलवे में उनकी सिक्योरिटी देखभाल करने के लिए एक व्यवस्था है, क्योंकि अगर हमें कुछ दिक्कत आती है तो हम उनको जाकर बतला सकते हैं।

